विजया बैंक
VIJAYA BANK
A friend you can bank upon

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2010 -2011

मंडल के निदेशक
Board of Directors

श्री एच एस उपेन्द्र कामत
Shri. H S Upendra Kamath
Chairman & Managing Director

श्रीमती शुभलक्ष्मी पानसे
Smt. Shubhalakshmi Panse
Executive Director

श्री एल के मीणा
Shri. L K Meena

श्रीमती सुमा वर्मा
Smt. Suma Varma

श्री श्रीधर चेरुकुरी
Shri. Sridhar Cherukuri

श्री अशोक कुमार शेट्टी
Shri. Ashok Kumar Shetty

श्री अशोक कुमार, आई.ए.एस. (से.नि.)
Shri. Ashok Kumar, I.A.S. (Retd.)

श्री एस अनंतन
Shri. S Ananthan

श्री रंजन शेट्टी
Shri. Ranjan Shetty

श्री बी इब्राहिम
Shri. B Ibrahim

श्री सुरेश कामत
Shri. Suresh Kamath

इस वर्ष पदमुक्त हुए मंडल के निदेशक
Board of Directors who demitted office this year

श्री आल्बर्ट तावरो (से.नि.)
Shri. Albert Tauro (Retd.)

श्री जी बी सिंह
Shri. G B Singh

श्री के वेंकटप्पा
Shri. K Venkatappa

श्री पी शांताराम शेट्टी
Shri. P Shantaram Shetty

श्री निशांक कुमार जैन
Shri. Nishank Kumar Jain

विषय–वस्तु	पृष्ठ सं	CONTENTS	Page No.
निष्पादन वैशिष्ट्य 2010-11	2	Performance Highlights 2010-11	101
निष्पादन की एक झलक	3	Performance at a Glance	102
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से	4	Message from the Chairman & Managing Director	103
सूचना व टिप्पणियां	6	Notice & Notes	105
निदेशकों की रिपोर्ट	10	Directors' Report	109
कंपनी शासन पर निदेशकों की रिपोर्ट	24	Report of the Board of Directors on Corporate Governance	123
कंपनी शासन पर लेखा परीक्षकों का प्रमाण पत्र	47	Auditors' Certificate on Corporate Governance	146
तुलन पत्र	48	Balance Sheet	147
लाभ व हानि लेखा	49	Profit & Loss Account	148
तुलन पत्र व लाभ व हानि लेखा के साथ संलग्न अनुसूचियां	50	Schedules of Balance Sheet and Profit & Loss Account	149
महत्वपूर्ण लेखा नीतियां 2010-11	58	Significant Accounting Policies 2010-11	157
लेखों पर टिप्पणियां	65	Notes on Accounts	164
नकदी प्रवाह विवरण	81	Cash Flow Statement	180
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	83	Report of the Auditors	182
बेसल II (स्तंभ 3) प्रकटीकरण	84	Basel II (Pillar 3) Disclosures	183
निदेशकों का चुनाव	94	Election of Directors	194
ईसीएस प्रारूप	201	ECS Format	202
नामांकन फार्म	203	Nomination Form	204
घोषणा–पत्र	205	Declaration	206
प्रॉक्सी फार्म	207	Proxy Form	208

लेखा परीक्षक AUDITORS	पंजीयक व शेयर अंतरण एजेंट REGISTRAR & SHARE TRANSFER AGENT
मेसर्स आर बंसल एण्ड कं. M/s. R.Bansal & Co. मेसर्स एम पी चिताले एण्ड कं. M/s. M P Chitale & Co. मेसर्स पी चंद्रशेखार M/s. P Chandrasekar मेसर्स कांट्रेक्टर, नायक व किशनाडवाला M/s. Contractor, Nayak & Kishnadwala मेसर्स एस. विश्वनाथन M/s. Viswanathan मेसर्स राव ऐसोसिएट्स M/s. Rao Associates	मेसर्स लिंक इनटाईम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड M/s Link Intime India Private Limited सी–13, पन्नालाल सिल्क मिल्स कांपउंड C-13, Pannalal Silk Mills Compound एल बी एस रोड, भंडुप (पश्चिम) L B S Raod, Bhandup (West) मुंबई - 400 078 MUMBAI - 400 078 फोन : 022-25963838 फैक्स : 022-25946969 ई–मेल E-mail: mumbai@linkintime.co.in

विजया बैंक VIJAYA BANK

(भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking)

प्रधान कार्यालय Head Office, No.41/2, एम जी रोड M.G. Road, बेंगलूर Bangalore - 560 001

फोन Phone: 080 - 2558 4066 [20 लाईन lines] फैक्स Fax: 080 – 2559 8040

वेबसाईट Website : www.vijayabank.com

निष्पादन वैशिष्ट्य : 2010-11

कारोबार वृद्धि

- वर्ष के दौरान कुल कारोबार ₹ 122470 करोड हो गया (वर्ष-दर-वर्ष 18 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए).
- औसतन 'प्रति कर्मचारी कारोबार' की दृष्टि से उत्पादकता ₹ 9.30 करोड से बढ़कर ₹ 11.05 करोड हो गयी.
- प्रति शाखा कारोबार मार्च 2010 को दर्ज ₹ 90 करोड से बढ़कर ₹ 102 करोड हो गया.
- कुल जमाराशियां पिछले वर्ष के 18.3% की वृद्धि के साथ ₹ 61932 करोड से बढकर ₹ 73248 करोड हो गयी.
- बचत बैंक जमाराशियां 24.3% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ ₹ 13330 करोड हो गयी.
- सकल अग्रिम 17.4% की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 49222 करोड हो गए.
- संरचनात्मक अग्रिम 8% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज करते हुए मार्च 2010 के ₹ 10445 करोड से बढकर मार्च 2011 को ₹ 11277 करोड हो गए.
- आभूषण ऋण क्षेत्र को बढावा देने के लिए, 10 केन्द्रों में आभूषण ऋण शॉपी आयोजित की गई.

प्राथमिकता क्षेत्र परिचालन

- प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम ₹ 14671 करोड हो गया, जिसमें कृषि अग्रिम ₹ 4969 करोड होता है.
- बैंक ने विभिन्न कृषि कलापों के अधीन 69704 नए किसानों को ₹ 648 करोड संवितरित किया. भारत सरकार के अनुसार प्रति ग्राम व अर्ध शहरी शाखा में न्यूनतम 100 नए किसानों के प्रति वित्तपोषित नए किसानों की औसत संख्या 131 है.
- एमएसएमई क्षेत्रों को अग्रिम 24.5% की वृद्धि के साथ ₹ 6768 करोड रहा.
- कमजोर वर्ग को अग्रिम बढकर ₹ 3808 करोड हो गया जो एएनबीसी का 9.1% है.
- शिक्षा ऋण ₹ 603 करोड रहा जिसमें खातों की संख्या 31191 है.
- बैंक 377 गाँवों को शामिल करने के लिए पेन इंडिया आधार पर वित्तीय समावेशन योजना लागू कर रहा है. 75 गाँव के लक्ष्य के प्रति पहले से ही कर्नाटक एवं केरल राज्यों में 113 गाँवों को शामिल किया गया है.
- वर्ष 2010-11 के दौरान जोडे गए स्व-सहाय दल की संख्या ₹ 248 करोड का संवितरण करते हुए ₹ 25774 करोड हो गयी (अब तक बैंक द्वारा 144031 एसएचजी को वित्तपोषित किया गया है).
  वर्ष 2009-10 के दौरान बैंक को कर्नाटक में वाणिज्यिक बैंकों के बीच अधिक हिस्से का एसएचजी कारोबार करने के लिए पुरस्कार प्राप्त हुआ है.

इन्फोटेक प्रगति

- वर्ष के दौरान 110 नए एटीएम संस्थापित किए गए जिससे एटीएम की कुल संख्या बढ़कर 545 हो गयी.
- डेबिट सह एटीएम कार्ड आधार की संख्या पिछले वर्ष के 11.35 लाख से बढकर 15.27 लाख हुआ है.
- बैंक के ग्राहक अब नेशनल फाइनांशियल स्विच (एनएफएस) के अधीन जुडे देश भर में फैले 70000 से भी अधिक एटीएम का प्रयोग कर सकते है.
- जुलाई 2009 में शुरु की गई वित्तीय लेनदेनों के लिए एसएमएस/ ई-मेल अलर्ट के संबंध में पंजीकृत प्रयोक्ताओं की संख्या 6.93 लाख को पार किया है.

लाभ एवं लाभप्रदता

- निवल लाभ पिछले वित्त वर्ष के ₹ 507 करोड की तुलना में ₹ 524 करोड रहा.
- जमा लागत में 35 बीपीएस की गिरावट के साथ 6.21% से 5.86% हो गया
- निवल ब्याज आय में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 34.35% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 1449.08 करोड से बढकर ₹ 1946.77 करोड हो गयी. निवल ब्याज मार्जिन 50 बीपीएस की वृद्धि दर्ज करते हुए 2.54% से बढकर 3.04% रहा.

पूंजी पर्याप्तता

- पूंजी पर्याप्तता अनुपात (बेसल II) भारतीय रिजर्व बैंक के 9% मानदंड के प्रति 13.88% रहा.
- टियर I पूंजी पर्याप्तता अनुपात 9.88% रहा जबकि टियर II पूंजी पर्याप्तता अनुपात 4.00% रहा.

निष्पादन की एक झलक

(राशि ₹ करोड़ों में)

प्रमुख मानदंड	2008-09	2009-10	2010-11
शाखाओं की संख्या	1101	1158	**1200**
पूंजी	934	934	**1673**
आरक्षिति और अधिशेष	2216	2542	**3144**
निवल संपत्ति	2226	2513	**3258**
सकल लाभ	899	1057	**1047**
निवल लाभ	262	507	**524**
कुल जमाराशियां	54535	61932	**73248**
वृद्धि %	13.73	13.56	**18.27**
कासा जमाराशियां	13085	15225	**18480**
वृद्धि %	0.48	16.35	**21.38**
कुल जमाराशियों का %	24.02	24.62	**25.25**
सकल ऋण	35875	41935	**49222**
वृद्धि %	12.04	16.89	**17.38**
कुल कारोबार	90410	103866	**122470**
वृद्धि %	13.05	14.88	**17.91**
सकल एनपीए	699	994	**1259**
सकल एनपीए (%)	1.95	2.37	**2.56**
निवल एनपीए	292	582	**741**
निवल एनपीए (%)	0.82	1.40	**1.52**
निवेश	17388	21107	**25139**
एएनबीसी के प्रति %	13450	14553	**14671**
कुल कर्मचारी	42.00	40.57	**34.98**
कुल कर्मचारी	11975	11565	**11415**
प्रति कर्मचारी कारोबार	7.85	9.30	**11.05**
जमा लागत	7.56	6.21	**5.86**
अग्रिम पर आय	11.09	10.26	**10.25**
निवल ब्याज मार्जिन	2.04	2.54	**3.04**
आस्तियों पर आय	0.59	0.76	**0.72**
पूंजी पर्याप्तता अनुपात % (बेसल II)	13.15	12.50	**13.88**

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

प्रिय शेयरधारक,

मैं सहर्ष वर्ष 2010-11 के लिए आपके बैंक के निष्पादनों की विशेषताओं को आपके साथ बाँटना चाहता हूँ. जैसा कि आप जानते हैं कि वर्ष 2010-11 भारतीय अर्थव्यवस्था तथा बैंकिंग उद्योग के लिए चुनौतियों से भरा था. आर्थिक परिदृश्य में, 2010-11 में जीडीपी में 8.6% की सबसे अधिक वृद्धि हुई. जबकि पिछले दो वर्षों में विश्व वित्तीय संकट के परिणाम स्वरूप वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी हो जाने के कारण वृद्धि साधारण हो गयी थी. परंतु 2010-11 के दौरान कृषि व उद्योग एवं सेवा क्षेत्र के कार्यकलापों में पोषित स्तर की वृद्धि का प्रतिगमन प्रतिबिंबित हुआ. तथापि, पूरे वर्ष में मुद्रास्फीति में निरंतर वृद्धि के कारण अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में वृद्धि आंशिक रूप से दबी रही. मार्च 2011 के अंत में 8.98% मुद्रास्फीति ने अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में अब तक हुए अच्छे निष्पादन को निष्प्रभावी कर दिया.

मुद्रा के क्षेत्र में, चूंकि मुद्रास्फीति 2010-11 में प्रक्षेपित स्तर से अधिक ही रही, मौद्रिक नीति पूरे वर्ष के दौरान कसी हुई रही. संपूर्ण उद्योग के क्षेत्र में, वर्ष में ऋण विस्तार सूचित स्तर से अधिक रहा हालांकि वह उत्तरार्द्ध में मध्यम रहा. जमाराशि के क्षेत्र में वृद्धि ऋण विस्तार से कम रही, 2010-11 की चौथी तिमाही में जमा ब्याज दर में वृद्धि के कारण इसमें गति आयी. वर्ष के अधिकांश महीनों में तरलता की स्थिति कसी हुई रही जो अंतिम तिमाही में कुछ शिथिल हुई.

इस पृष्ठभूमि में, मैं संक्षेप में कुछ विशेष क्षेत्रों पर प्रकाश डालना चाहता हूं जिसमें हमारा निष्पादन उत्कृष्ट रहा. सबसे पहले, वर्ष के दौरान हमने कोर अर्जन में सुधार किया. वर्ष के लिए, एनआईआई की वृद्धि 34% रही जिसके कारण निवल ब्याज मार्जिन 3.04% रहा, जो मार्च, 2010 की स्थिति से 50 बीपीएस अधिक है. ब्याज लागत को नियंत्रित करने के हमारे लगातार प्रयास के फलस्वरूप एनआईआई में वृद्धि हुई. वर्ष के लिए हमारी ब्याज आय में 12.4% की वृद्धि हुई,जबकि हमारे ब्याज लागत में 3.9% की मार्जिनल वृद्धि हुई. वर्ष के दौरान, जमा लागत में 35 बीपीएस की गिरावट आयी जबकि अग्रिमों पर आय पिछले वर्ष के लगभग 10.25% स्तर पर बनी रही. उसी प्रकार, जबकि निधि पर आय में 14 बीपीएस की वृद्धि हुई, निधि पर लागत में 33 बीपीएस की गिरावट हुई, जिससे कीमत-लागत अंतर में 47 बीपीएस का सुधार हुआ. वर्ष 2010-11 के लिए, आपके बैंक ने ₹ 1047 करोड का परिचालन लाभ अर्जित किया.

वर्ष के लिए निवल लाभ ₹ 524 करोड रहा जो वर्ष-दर-वर्ष 3.3% वृद्धि दर्शाता है. इसके कारण थे, पेंशन के लिए दूसरे विकल्प के कारण कर्मचारी लाभ के लिए अतिरिक्त प्रावधान तथा उपदान की सीमा में ₹ 301 करोड की वृद्धि तथा एनपीए के लिए ₹ 413 करोड का प्रावधान. अन्यथा बैंक ने निवल लाभ मे और अधिक वृद्धि कर सकता था.

अब मैं वृद्धि के शीर्षस्थ एवं महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालना चाहता हूं. हमने वर्षांत में 18% वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 122470 करोड का कुल कारोबार हासिल किया. हमारे कारोबार की मात्रा में ₹ 73248 करोड (18%) की जमाराशि तथा ₹ 49222 करोड (17.4%) के अग्रिम शामिल हैं. कुल जमाराशि की तुलना में 2010-11 के दौरान कासा जमाराशियों के प्रतिशत में नाममात्र की वृद्धि हुई अर्थात 24.6% से 25.3%. अग्रिम के क्षेत्र में, बैंक ने खुदरा क्षेत्र में संतुलन बनाए रखने की योजना पर ध्यान दिया है. हालांकि, हमने उसमें कुछ महत्वपूर्ण कार्य नहीं किया है. 31 मार्च, 2011 को बकाया खुदरा अग्रिम में 7.4% की वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 10041 करोड था. अधिकृत प्राथमिकता क्षेत्र में परिचालन के संबंध में इन क्षेत्रों में दिए गए अग्रिम कुल ₹ 14671 करोड थे, जो समायोजित निवल बैंक ऋण के 40% मानदंड के प्रति 34.9% है. प्राथमिकता क्षेत्र में कृषि, एमएसएमई तथा कमजोर वर्ग के अग्रिम में क्रमश: 25% तथा 10% की वृद्धि दर्ज हुई जो राष्ट्रीय प्राथमिकता मुद्दों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दर्शाती है. शैक्षिक ऋण, जो हमारा एक प्राथमिकता क्षेत्र है, में 13% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 603 करोड की कुल बकाया राशि थी.

विभिन्न लक्ष्यों को हासिल करने में समर्थन प्रणाली एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा ऐसे में हमने मूलभूत पहलुओं पर ध्यान दिया जैसे शाखा विस्तार, प्रौद्योगिकी उन्नयन, वैकल्पिक सुपुर्दगी माध्यम विस्तार, नए उत्पादों का सृजन आदि. बैंक ने वर्ष के दौरान उच्च मूल्य के ग्राहकों के आधार तथा कार्पोरेट जमाराशि में सुधार करने के लिए 'वी-प्लेटिनम चालू खाता' एक नई जमा योजना शुरू किया. उसी प्रकार, उदारीकृत शर्तों के साथ सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की वित्तीय जरूरतों की पूर्ति के लिए विजया सेक्यूर्ड ओवरड्राफ्ट योजना (वीएसओडी)नामक एक नई खुदरा उत्पाद शुरू किया. बैंक 'वित्तीय समावेशन' क्षेत्र में भी काफी सक्रिय रहा. वित्तीय समावेशन के अधीन 75 गाँवों के लक्ष्य के प्रति बैंक ने 31.03.2011 को कर्नाटक व केरल राज्यों में 113 गाँवों को शामिल किया. यह प्रस्ताव है कि शेष 264 गाँवों को वित्तीय समावेशन के अधीन निर्धारित तारीख अर्थात् 31.03.2012 के काफी पहले शामिल किया जाए.

शुल्क आधारित आय सुधारने के लिए बैंक ने ग्राहकों की जीवन बीमा आवश्यकताओं के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ कार्पोरेट एजेंसी व्यवस्था की. बैंक ने वैयक्तिक उधारकर्ताओं के सामूहिक कवरेज हेतु मेसर्स

बजाज अलायन्स लिमिटेड के साथ करार भी बनाया है. इसके अलावा, बैंक ने ग्राहकों को मूल्यवर्धित सेवा प्रदान करने के लिए वर्ष के दौरान कई नए पहल की हैं, जैसे, धन अंतरण सेवाओं के लिए 'मनीग्राम' व 'एक्सप्रेस मनी' के साथ गठबंधन, निधि का आनलाइन अंतरण के लिए 'टाइम्स आफ मनी' के साथ गठबंधन आदि.

वर्ष के दौरान 42 नई शाखाएं तथा 110 अतिरिक्त एटीएम खोले गए जिससे हमारी शाखाओं तथा एटीएम की संख्या बढ़कर क्रमश: 1200 तथा 545 हो गयी है. वर्ष के दौरान वी-नेट, बैंक द्वारा प्रदत्त इंटरनेट बैंकिंग मॉड्यूल का उन्नयन किया गया जिसमें प्रौद्योगिकी समर्थ ग्राहकों के लिए नए मूल्यों की सुविधा दी गयी. पिछले वर्ष के दौरान शुरु की गई मोबाइल बैंकिंग सेवा, अच्छी प्रगति कर रही है तथा मार्च 2011 के अंत में, इसके 22545 पंजीकृत प्रयोक्ता रहे. साथ ही, ग्राहकों को प्रदान की गई एसएमएस अलर्ट सेवा तुरंत हिट रही जिसमें मार्च 2011 को पंजीकृत प्रयोक्ता की संख्या 693726 से अधिक रही.

संदर्भाधीन वर्ष की शुरुआत से ही फिसलन प्रबंधन बहुत बड़ी चुनौती रही. इस दिशा में बैंक ने कई उपाय किए अर्थात्, क्षीण होने के संकेत दर्शाने वाले खातों को पहचानना, उन्हें विशेष निगरानी खाते के रुप में मानना व उन पर सख्त निगरानी रखना, दुराग्रही चूककर्ता के प्रति कठोर वसूली उपाय करना आदि. एनपीए में नकद वसूली व उन्नयन पिछले वर्ष के ₹ 425 करोड व ₹ 163 करोड के प्रति वर्ष 2010-11 के दौरान क्रमशः 659 करोड व 332 करोड रहा. इन प्रयासों के फलस्वरूप,हम एनपीए अनुपात को प्रगामी रूप से कम करने में काफी सफल रहे हैं, हालांकि समग्र एनपीए में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है. यथा मार्च 2010 को बैंक के कुल अग्रिम प्रतिशत के प्रति कुल गैर-निष्पादक आस्ति 2.56% रहा जबकि निवल एनपीए अनुपात 1.52% रहा.

वर्ष 2011-12 के लिए वर्ष-दर-वर्ष 25% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 1,53,000 करोड का कारोबार हासिल करना हमारा लक्ष्य है जिसमें जमाराशि के अधीन ₹ 90000 करोड तथा अग्रिम के अधीन ₹ 63000 करोड होगा. चालू वर्ष के दौरान हम अतिरिक्त 100 शाखाएँ व 205 एटीएम खोलने का प्रस्ताव रखते हैं. वर्ष 2011-12 में बैंक का मुख्य ध्यान 'रिटेल व रिकवरी' होगा तथा मुझे यकीन है कि बैंक खुदरे कारोबार से अपनी मुख्य शक्ति प्राप्त करते हुए वित्तीय निष्पादन में और उँचाइयों को छूएगा.

आगे कदम बढ़ाते हुए, वित्तीय वर्ष 2012 बैंकों के सम्मुख कई चुनौतियाँ व अवसर प्रदान करेगा. कुछ मुख्य चुनौतियों में से लगातार बढ़ती हुई मुद्रास्फीति है जिससे प्रदत्त ब्याज दर में लगातार बढ़त हो सकती है. जबकि बैंक अग्रिम के ब्याज दर को बढ़ाते हुए इसे ग्राहकों के ऊपर डाल देगा, पिछले वित्तीय वर्ष से लगातार अधिक मुद्रास्फीति के कारण जमाकर्ताओं के लिए वास्तविक ब्याज दर लाभदायक नहीं रहेगा. अत: इससे बैंक को अपना जमा दर भी बढ़ना ही पडेगा. आगे, बचत बैंक क्षेत्र में एक मुख्य परिवर्तन हो रहा है, भा.रि.बैं. द्वारा जल्द या बाद में बचत बैंक ब्याज दर को विनयमित करते हुए, बैंक को अपने मार्जिन को बनाए रखने के लिए अधिक मुश्किल का सामना करना होगा, जबकि कम लागत जमाराशि वास्तव में कम लागत नहीं रहेगी, हालांकि आनुपातिक रुप से न होते हुए, इसे उधारकर्ता ग्राहक को देने से ऋण की वृद्धि पर असर होगा, इस प्रकार, बैंकों को ऐसी परिस्थिति में, अपनी लाभप्रदता सुधारने के लिए, अपने गैर-ब्याज आय सुधारने पर गहराई से ध्यान देना होगा, इसके सकारात्मक पहलू में, एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है जो 8.0% के ऊर्ध्वगामी जीडीपी में वृद्धि हासिल करने पर तुली है, जिसके कारण स्वत: व्यापक एवं बहुत बड़े कारोबार अवसर प्राप्त होंगे, अगली पीढ़ी की बढ़ती संख्या भी बैंकिंग कारोबार की दिशा में हो रहे परिवर्तनों का सामना करेंगे, जबकि ये कुछ आनेवाली प्रवृत्ति व परिस्थितियां हैं, जिसमें आपके बैंक को अपना कारेबार करना होगा, मुझे यकीन है, आपके शर्त रहित समर्थन से, बैंक आनेवाले समय में कारोबार निष्पादन में और अधिक ऊंचाइयों को छूएगा.

शुभकामनाओं सहित,

आपका,

हेच.एस.उपेन्द्र कामत

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

विजया बैंक

प्रधान कार्यालय : बेंगलूर – 560 001

सूचना

यह नोटिस दिया जाता है कि विजया बैंक (शेयर व बैठक) विनियमावली 2003 के नियम 56 के अंतर्गत विजया बैंक के शेयरधारकों की ग्यारहवीं वार्षिक सामान्य बैठक, **शुक्रवार, 29 जुलाई, 2011 को प्रातः 10.15 बजे** मुल्की सुंदर राम शेट्टी सभागृह, विजया बैंक, प्रधान कार्यालय, बेंगलूर – 560 001 में आयोजित की जाएगी जिसमें नीचे उल्लिखित कारोबार किया जाएगा :

मद सं.1 : 31.03.2011 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ-हानि लेखा एवं 31 मार्च, 2011 तक के बैंक के तुलन-पत्र, लेखों से संबंधित अवधि के लिए बैंक के कामकाज और गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट पर विचार-विमर्श करना, अनुमोदित करना तथा अंगीकार करना.

मद सं.2 : वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए बैंक के शेयरों पर लाभांश की घोषणा.

मद सं.3 : बैंकिंग विनियम अधिनियम,1949 के साथ पठित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 (जिसे "अधिनियम" के रूप में संदर्भ किया गया था) की धारा 9 (3) (i), और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन व विविध प्रावधान) योजना 1980 जिसे "योजना" के रूप में संदर्भ किया गया था और विजया बैंक (शेयर व बैठक) विनियम, 2003 जिसे अधिनियम की धारा 19 के अनुसरण में "विनियम" के रूप में संदर्भ किया गया था, के अनुसार केंद्र सरकार के अलावा बैंक के शेयरधारकों से तीन निदेशकों का चुनाव करना और निम्न संकल्प पारित करना:-

"यह पारित किया जाता है कि योजना के साथ पठित अधिनियम की धारा 9 (3) (i) व उसके अधीन बनाए गए विनियमों के अनुसरण में केंद्र सरकार के अलावा शेयरधारकों से तीन निदेशकों का चुनाव किया जाता है और उन्हें एतद्द्वारा 08.08.2011 से कार्यभार संभालने हेतु बैंक के निदेशकों के रूप में नियुक्त किया जाता है. वे इस प्रकार कार्यभार संभालने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि पूरा होने तक कार्यभार संभालेंगे."

ग्यारहवीं वार्षिक सामान्य बैठक के सिलसिले में और शेयरधारकों को अंतिम लाभांश, यदि हो तो प्राप्त कराने के लिए व तीन शेयरधारक निदेशकों के चुनाव में नामित करने, चुनाव लडने या वोट करने के लिए शेयरधारकों की पंजी एवं बैंक की शेयर अंतरण बही मंगलवार, 21 जून, 2011 से शनिवार 25 जून, 2011 तक बंद रहेंगे.

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते विजया बैंक

(के. गोपालकृष्णन नायर)
कंपनी सचिव

स्थान : बेंगलूर
दिनांक : 31.05.2011

1. प्रॉक्सी की नियुक्ति

बैठक में भाग लेकर वोट देने के हकदार शेयरधारक, खुद के बजाय बैठक में भाग लेकर वोट देने के लिए किसी प्रॉक्सी को नियुक्त करने का भी हकदार है और ऐसे प्रॉक्सी को बैंक के शेयरधारक होने की जरूरत नहीं है. तथापि, ऐसी प्रॉक्सी को बैठक में बोलने का अधिकार नहीं है. विजया बैंक के किसी अधिकारी या कर्मचारी को प्रॉक्सी के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता. प्रॉक्सी फार्म तभी प्रभावी होगा जब उसे बैठक की तारीख से कम से कम 4 दिन पहले अर्थात् **2.00 बजे शनिवार, 23 जुलाई, 2011** को या उससे पहले यानी समापन घंटों तक या उससे पूर्व बैंक के प्रधान कार्यालय में कंपनी सचिव, विजया बैंक, मंडल सचिवालय, 41/2, एम.जी.रोड, बेंगलूर - 560 001 को जमा/प्रस्तुत किया गया हो.

2. प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति

कोई भी व्यक्ति, किसी ऐसी कंपनी या कंपनी निकाय को, जो बैंक का शेयरधारक हो, विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बैठक में भाग लेने या वोट देने का तब तक हकदार नहीं होगा जब तक कि विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में उसकी नियुक्ति करते हुए संकल्प की एक ऐसी प्रतिलिपि जिसे उस बैठक के अध्यक्ष ने, जिसमें उसे पारित किया गया हो, सत्य प्रतिलिपि के रूप में प्रमाणित किया हो, बैठक की तारीख से कम से कम 4 दिन पहले अर्थात् **2.00 बजे शनिवार, 23 जुलाई, 2011** को या उससे पहले यानी समापन घंटों तक या उससे पूर्व बैंक के प्रधान कार्यालय में कंपनी सचिव, विजया बैंक, मंडल सचिवालय, 41/2, एम.जी.रोड, बेंगलूर - 560 001 को जमा/प्रस्तुत किया गया हो.

3. उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पर्ची

शेयर धारकों की सुविधा के लिए इस नोटिस के साथ उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पर्ची संलग्न की गयी है. शेयर धारकों/प्रॉक्सी धारकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे संलग्न पर्ची भरें और उसमें निर्दिष्ट स्थान में अपने हस्ताक्षर कर उसे बैठक के स्थान में अभ्यर्पित करें. शेयर धारकों के प्रॉक्सी/प्राधिकृत प्रतिनिधि को चाहिए कि वह उपस्थिति-सह-प्रवेश पर्ची पर यह उल्लेख करें कि वह **"प्रॉक्सी"** है या **"प्राधिकृत प्रतिनिधि"**.

4. शेयरधारकों का रजिस्टर बंद करना

विजया बैंक के विनियम 2003 (शेयर व बैठक) के खंड 12 के अनुसार ग्यारहवें वार्षिक सामान्य बैठक के संबंध में तथा अंतिम लाभांश,यदि

कोई, पाने के लिए शेयरधारकों की पात्रता निर्धारण करने तथा तीन शेयरधारक निदेशकों के चुनाव के लिए नामित, चुनाव लडने व मत देने के संबंध में बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर और शेयर अंतरण पुस्तक मंगलवार, 21 जून 2011, से शनिवार 25 जून 2011 (दोनों दिनों सहित) बंद रहेगा.

5. लाभांश का भुगतान

बैंक के निदेशक मंडल की सिफारिश के अनुसार अगर कोई लाभांश वार्षिक सामान्य बैठक में घोषित किया गया हो तो घोषणा के 30 दिनों के अंदर उन सभी को लाभांश अदा किया जाएगा जो बैंक के सदस्यों के रजिस्टर में पंजीकृत है :

क) जो एनएसडीएल तथा सीडीएसएल से अमूर्त रूप में रखे गए शेयरों के संबंध में 20 जून, 2011 को कारोबार घंटों की समाप्ति पर प्रस्तुत की गयी सूची के अनुसार हितकारी मालिक है.

ख) जो 25 जून, 2011 को बैंक के सदस्यों के रजिस्टर में पंजीकृत शेयरधारक है.

ऐसे शेयरधारकों को लाभांश वारंट नेशनल इलेक्ट्रानिक समाशोधन सेवा या बैंक द्वारा अनुमोदित अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम के ज़रिए शेयर अंतरण एजेंट अर्थात मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई के माध्यम से घोषणा के 30 दिनों के अंदर अर्थात 29 अगस्त, 2011 के अंदर भेजा/जमा किया जाएगा.

6. लाभांश वारंट/इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा (जमा समाशोधन) में बैंक खाते के विवरण – (एनईसीएस) :

लाभांश का वितरण करते समय शेयरधारकों द्वारा प्रस्तुत बैंक खाते के विवरण लाभांश वारंट पर दर्शाना तथा जहां कहीं उपलब्ध है राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक समाशोधन सेवा (एनईसीएस) के प्रयोग को सेबी ने अनिवार्य किया है. यह आदेश सभी सूचीबद्ध कंपनियों व बैंकों पर लागू है. कुछ केंद्रों में एनईसीएस सुविधा की अनुपस्थिति में तथा शेयरधारकों द्वारा इस प्रकार की सुविधा न लिए जाने की स्थिति में बैंक अपने पास उपलब्ध बैंक विवरण लाभांश वारंटों पर मुद्रित करेगा.

मूर्त रूप में शेयर रखनेवाले शेयरधारक अपने बैंक अधिदेश के विवरण विजया बैंक, प्रधान कार्यालय, बेंगलूर में स्थित शेयर प्रभाग तथा निवेशक शिकायत कक्ष को या हमारे शेयर अंतरण एजेंट मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई को अपने अभिलेखों को अद्यतित करने के लिए प्रेषित करें.

शेयरधारक जो अमूर्त रूप में अपने शेयर रखे हुए हैं अपने निक्षेपागार प्रतिभागी के साथ संपर्क करें ताकि आवश्यक कार्रवाई हो सके. वार्षिक रिपोर्ट में एनईसीएस/बैंक अधिदेश का प्रपत्र संलग्न है.

7. दावा नहीं किया गया लाभांश, कोई हो तो

पिछली अवधियों के लिए जिन शेयरधारकों ने लाभांश वारंट प्राप्त नहीं किया है/भुनाया नहीं है, उनसे अनुरोध है कि बैंक के शेयर अंतरण एजेंट से संपर्क करें ताकि अनुलिपि लाभांश वारंट/तारीखों का पुनर्वैधीकरण किया जा सके.

घोषणा के दिनांक से 30 दिनों की समाप्ति के बाद 7 दिनों के अंदर यदि किसी शेयरधारक ने लाभांश भुनाया/का दावा न किया हो तो बैंक लाभांश खाते से ऐसी राशि का एक अलग खाते "वर्ष..... के लिए विजया बैंक का अदत्त लाभांश खाता" में अंतरण कर दिया जाएगा.

शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे ध्यान से नोट करें कि बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) व वित्तीय संस्थागत कानून (संशोधन) अधिनियम, 2006,के जरिए बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 में संशोधन को ध्यान में रखते हुए, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को उपरोक्त अधिनियम की शुरुआत पर पूर्व वर्षों के अदत्त/दावा रहित लाभांश खाते तथा "अदत्त लाभांश खाते" में उक्त अधिनियम लागू होने के बाद लाभांश को अंतरित करना है.

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 की नयी धारा 10(ख) के अनुसार 7 वर्षों तक अदत्त या दावा रहित लाभांश की राशि को कंपनी अधिनियम,1956 की धारा 205सी की उप-धारा (1) के अधीन संस्थापित निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में अंतरित किया जाएगा जिसे कंपनी अधिनियम,1956 की धारा 205सी में उल्लिखित रूप से तथा प्रयोजन के लिए प्रयोग किया जाएगा तथा इसके बाद न बैंक अथवा न आईईपीएफ से इसकी अदायगी का दावा किया जा सकता है.

8. तुलन पत्र की प्रतियां

शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां सामान्य बैठक में वितरित नहीं की जाएगी अत: शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां साथ में लाएं जो बैंक द्वारा उनके पंजीकृत पतों पर डाक द्वारा भेजी जाती है.

9. शेयरों का अमूर्तीकरण

उन शेयरधारकों से जिनके शेयर प्रमाणपत्र मूर्त रूप में है, अनुरोध है कि अपने शेयरों का अमूर्तीकरण करवा लें, चूंकि सेबी ने हमारे बैंक का नाम अनिवार्य रूप से अमूर्त रूप में शेयरों का व्यापार करने की सूची में जोडा है.

10. पते में परिवर्तन अधिसूचित करना

शेयरधारकों से अनुरोध है कि पते में परिवर्तन/बैंक खाते में परिवर्तन होने पर तत्काल इसकी सूचना दें. भारत सरकार द्वारा कंपनी शासन में हरित पहलुओं के चलते सभी शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपना ई-मेल पता, यदि कोई हो तो, सूचित करें ताकि हम उन्हें पत्र/रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेज सके.

क) अमूर्त रूप में धारित शेयरों के संबंध में अपने संबंधित निक्षेपागार प्रतिभागी को.

ख) मूर्त रूप में धारित शेयरों के संबंध में शेयर अंतरण एजेंट मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, यूनिट : विजया बैंक, सी-13, पन्नालाल सिल्क मिल्स कंपाउंड, एलबीएस रोड, भांडुप (प), मुंबई - 400 078 को.

11. फोलियो का समेकन

शेयरधारक जो समान नाम या संयुक्त नाम पर अलग-अलग फोलियो में मूर्त रूप में शेयर धारित करते हैं उनसे अनुरोध है कि उसी नाम क्रम में शेयर प्रमाणपत्र बैंक के शेयर अंतरण एजेंट मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई भेजें ताकि एक ही फोलियो के रूप में समेकन हो सके.

12. स्थिति में परिवर्तन का अभिलेखन

अनिवासी भारतीय शेयरधारकों से अनुरोध है कि बैंक के शेयर अंतरण एजेंट मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई को तत्काल निम्न सूचना दें :

क) स्थाई निवास के लिए भारत लौटाने पर निवासीय स्थिति में परिवर्तन.

ख) भारत में स्थित बैंक खाते के विवरण जैसे पूरा नाम, शाखा, खाते का प्रकार तथा खाते की संख्या और पिन सहित बैंक का पता, अगर पहले नहीं दिया हो तो.

13. व्याख्यात्मक विवरणी

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 3(2बी)(जिसे आगे से अधिनियम कहा जाएगा) के प्रावधानों के अनुसार, बैंक ने वर्ष 2000 में आईपीओ बनाया तथा वर्ष 2003 में बाद में सार्वजनिक निर्गम लाए. 28.03.2011 को, बैंक ने बैंक के टियर 1 पूँजी में 367,99,99,984/- ₹ निवेश करने के प्रति अधिमान्य आधार पर भारत सरकार को 84रु. प्रति शेयर (94 ₹ प्रति शेयर का निर्गम मूल्य) के प्रीमियम पर 10 ₹ प्रति शेयर के 3,91,48,936 ईक्विटी शेयर आबंटित किए. यथा 31.03.2011 को भारत सरकार को छोडकर, शेयरधारक बैंक की वर्तमान प्रदत्त पूँजी का 42.31% हिस्सा रिखते हैं. अधिनियम की धारा 9 (3) (i) के प्रावधानों के अनुसार, इस तथ्य के अनुसार कि जनता बैंक के कुल प्रदत्त पूँजी के 32% से अधिक रखते हैं, बैंक केन्द्र सरकार के अलावा शेयरधारकों में से तीन निदेशकों से अधिक का चयन नहीं कर सकते हैं.

बैंक ने केन्द्र सरकार को छोडकर शेयरधारकों में से 25.07.2008 को तीन निदेशकों का चयन किया है, जिनकी तीन वर्ष की अवधि 07.08.2011 को समाप्त हो रही है. अतः अब बैंक तीन सेवानिवृत्त होनेवाले निदेशकों के स्थान में तीन निदेशक चुनने का प्रस्ताव रखता है. उक्त रिक्ति की पूर्ति करने वाले निदेशकों द्वारा क 08.08.2011 से कार्यालय का कार्यभार संभालना समझा जाएगा.

राष्ट्रीयकृत बैंकों (प्रबंधन व विविध प्रावधान)की योजना 1980 के संशोधन के अनुसार, इस प्रकार चुने गए निदेशक, तीन वर्ष के लिए कार्यालय का कार्यभार संभालेंगे तथा पुनःचुनाव के लिए पात्र होंगे बशर्ते कि कोई भी निदेशक छः वर्ष से अधिक अवधि के लिए निरंतर कार्यालय का पद नहीं सभालेंगे.

शेयरधारक निदेशक को छोडकर कोई भी निदेशक, जो पुनः चुनाव के लिए पात्र हैं,कारोबार के पूर्वोक्त मद में अलग-अलग रूप से इच्छुक या संबंधित हैं.

14. नामांकन फार्म की प्रस्तुति

केन्द्र सरकार के अलावा शेयरधारकों में से बैंक के निदेशक का चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले शेयरधारक, घोषणा फार्म(इस नोटिस के साथ संलग्न) के साथ अपना नामांकन तथा संबद्ध प्रलेख महा प्रबंधक,विजया बैंक,मंडल सचिवालय,प्रका, 41/2, एमजी रोड, बेंगलूर-560001 को एजीएम के लिए निर्धारित तारीख से 14 दिन पूर्व तक किसी भी कार्यदिवस को, अर्थात् शुक्रवार, 15 जुलाई, 2011 तक प्रस्तुत कर सकते है उक्त नामांकन फार्म हर तरह से पूरा हो तथा न्यूनतम 100 शेयरधारकों द्वारा भरा जाए.

15. शेयरधारकों की सूची की उपलब्धता

शेयरधारकों को चुनाव में प्रतिरोध करने के लिए, विजया बैंक (शेयर व बैठक) विनियम,2003 के विनियम 64 में उल्लिखित शेयरधारकों की सूची की प्रति 27.06.2011 से महा प्रबंधक, मंडल सचिवालय, प्रका, एमजी रोड, बेंगलूर-560001 के पास मौंग ड्राफ्ट या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम तथा इस प्रयोजन के लिए किए जा रहे आवेदन से 50000 ₹ (₹ पचास हज़ार मात्र) के भुगतान के प्रति उपलब्ध होगी.

16. आवेदनों की जाँच

फाइल किया गया नामांकन वापस लेने की इच्छा रखने वाले अभ्यर्थी शनिवार, 16 जुलाई, 2011 को या उससे पहले ऐसा कर सकते हैं. नामांकन प्राप्त करने के लिए निर्धारित अंतिम तारीख के बाद आने वाले पहले कार्यदिवस को नामांकन की जाँच की जाएगी अर्थात् 16 जुलाई, 2011 तथा यदि कोई नामांकन अवैध पाया जाता है तो उसके लिए कारण उल्लिखित करते हुए उसे अस्वीकार किया जाएगा.

यदि वैध नामांकन चुनाव द्वारा फाइल किए जानेवाला निदेशकों की रिक्ति की संख्या के समान या कम हो तो, इस प्रकार नामित अभ्यर्थी चुने गए माने जाएंगे तथा उनका नाम व पता चुनागए मानते हुए प्रकाशित किया जाएगा. ऐसे में इस प्रयोजन से आयोजित बैठक में कोई चुनाव नहीं होगा. यदि वैध नामांकन चुने जाने वाले निदेशकों की संख्या से अधिक हो तो, अधिक मत पानेवाले अभ्यर्थी को चुना जाएगा.

17. मताधिकार

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 के प्रावधानों के अनुसार, केन्द्र सरकार को छोड़कर बैंक का कोई भी शेयरधारक, उनके द्वारा धारित किसी भी शेयर के संबंध में बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल मताधिकार के एक प्रतिशत से अधिक मताधिकार करने के लिए पात्र नहीं होंगे. पुस्तक बंद करने की तारीख को सदस्यों के रजिस्टर में प्रदर्शित प्रत्येक शेयरधारक के पास अपना हाथ दर्शाते हुए एक मत रखने का तथा चुनाव की स्थिति में उनके द्वारा रखे गए प्रत्येक शेयर के लिए एक मत रखने का अधिकार होगा. मताधिकार प्राक्सी या प्राधिकृत प्रतिनिधि के जरिए किया जा सकेगा. लेकिन प्राक्सी को बैठक में बात करने का अधिकार नहीं होगा.

18. अन्य सूचना

शेयरधारक कृपया नोट करें कि बैठक के दौरान कोई उपहार/उपहार कूपन वितरित नहीं किया जाएगा.

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते विजया बैंक

स्थान : बेंगलूर
दिनांक : 31.05.2011

(के. गोपालकृष्णन नायर)
कंपनी सचिव

निदेशकों की रिपोर्ट 2010-11

निदेशक मंडल, दिनांक 31 मार्च 2011 को लेखा परीक्षित तुलन-पत्र एवं 31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के लाभ-हानि लेखा सहित, बैंक की 31वीं वार्षिक रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करता है.

प्रबंधन परिचर्चा और विश्लेषण

आर्थिक परिदृश्य

विश्व की अर्थव्यवस्था सुधार के संकेत दर्शा रही है, लेकिन उन्नत अर्थव्यवस्था में बेरोज़गारों की संख्या अभी भी अधिक है तथा पनपते बाजार अर्थव्यवस्था में नए स्थूल आर्थिक नीति जोखिम निर्मित हो रहे हैं. उन्नत अर्थव्यवस्था में, सार्वजनिक मौंग से निजी मौंगें बढ रही हैं, तथा यह चिंता कम हो रही है कि घटती वित्त पालिसी समर्थन से "दुहरी-क्षति" मंदी हो सकती है.वित्तीय स्थिति बेहतर हो रही है हालांकि वे अभी भी असामान्य रूप से संवेनदशील है. कई पनपते बाजार अर्थव्यवस्थाओं में, मौंग अधिक है तथा अति तीव्र अर्थव्यवस्था चिंता का विषय है. विकासशील अर्थव्यवस्था, विशेषकर उप-सहारा अफ्रीका में भी, शीघ्र व निरंतर संवृद्धि हुई है. सामाजिक व आर्थिक तनाव के अलावा, खाद्य तथा उपभोज्य वस्तुओं की बढती कीमतें विशेषकर मध्य पूर्वी व उत्तरी अफ्रीका में, गरीब जनता के लिए खतरा है.जनवरी 2011 से तेल की कीमतें बढती जा रही हैं तथा उसकी आपूर्ति तथा अतिरिक्त उपलब्धता के संबंध में स्थिति से पता चलता है कि अब तक हुए विध्वंस का आर्थिक गतिविधियों पर थोडा प्रभाव जरूर रहेगा. जापान में हुए भूकंप ने काफी मनुष्यों की जान ली है. स्थूल आर्थिक नीति पर उसका प्रभाव सीमित है हालांकि अनिश्चितता अधिक है. समग्र रूप से, एक तरफ अर्थव्यवस्था में ठोस सुधार होने से, वहीं दूसरी ओर तेल की आपूर्ति में कमी होने से, विश्व की वास्तविक जीडीपी वृद्धि का 2010 के 5 प्रतिशत, 2011 में लगभग 4.5 प्रतिशत व 2012 में कम होने का पूर्वानुमान है.

भारतीय अर्थव्यवस्था के निष्पादन के संबंध में, केंद्रीय सांख्यकीय संगठन ने हाल ही में वर्ष 2010-11 के लिए जीडीपी वृद्धि 8.6% होने का अनुमान लगाया है. 2010-11 के दौरान कृषि तथा उद्योग व सेवा कार्यकलापों मे पर्याप्त वृद्धि हुई है. औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के सूचक में समग्र वृद्धि पिछले वर्ष के 10.5% की तुलना में अप्रैल-मार्च 2010-11 के दौरान 7.8% थी. अप्रैल-मार्च 2010-11 के दौरान छः प्रमुख उद्योगों में पिछले वर्ष के 6.8% की तुलना में 7.4% की वृद्धि हुई.

अप्रैल 2011 के अंत में शीर्षस्थ डब्ल्यूपीआई स्फीति अप्रैल 2010 के 10.99% की तुलना में अप्रैल 2011 में 8.66% रही. विनिर्मित उत्पाद स्फीति अप्रैल 2010 के 6.41% की तुलना में अप्रैल 2011 में 6.18% थी. यथा 07 मई 2011 को खाद्य स्फीति में वर्ष-दर-वर्ष 7.47% की वृद्धि हुई जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 22.15% थी.

जबकि 2011-12 के लिए राजकोषीय घाटों का बजट स्तर मांग के क्षेत्र में कुछ दिलासा देता है, वहीं व्यय पर अधिक दबाव होगा. हालांकि सरकार ने हाल ही में पेट्रोल का दाम बढाया है तथा डीज़ल के दाम भी बढाने का प्रस्ताव है, तेल क्षेत्र की समस्याएँ अब भी खत्म नहीं हुई हैं. तेल परिदान का बोझ वित्तीय घाटे को कम करने के प्रति पेट्रोल के उत्पादों में मार्जिनल वृद्धि से होने वाले किसी भी लाभ को नज़रंदाज़ कर देता है.

हाल ही के मजबूत निर्यात निष्पादन को देखते हुए, वर्ष 2010-11 के चालू खाता घाटा (सीएडी) का अब जीडीपी के 2.5% तक होने का पूर्वानुमान है. जबकि इस साल सीएडी का वित्तपोषण संतोषजनक रहा, वहीं दीर्घावधि घटकों को आकर्षित करने हेतु प्रबल प्रयास करते हुए विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) सहित पूंजी प्रवाह की गुणवत्ता पर अधिक ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है ताकि मध्यावधि में भुगतान-संतुलन (बीओपी) में वृद्धि को और बनाया रखा जा सके.

बैंकिंग परिदृश्य

संपूर्ण उद्योग के लिए, यथा मार्च 2011 में गैर-खाद्य ऋण में 21% की वृद्धि हुई जबकि 2010-11 के दौरान कुल जमाराशि में वर्ष-दर-वर्ष 15.8% की वृद्धि दर्ज हुई.

जैसे ही वित्तीय वर्ष 2012 के लिए, सरकार की उधार लेने की योजना प्रारंभ होगी, आय के अधिक होने की संभावना है. भारी मुद्रास्फीति की चिंताएं आय को और बढा सकती है. मांग अधिक होने के कारण, नए 10 वर्ष के सरकारी बांड के बढने की भी अपेक्षा है. 2010-11 के दौरान चल निधि के मामले में धन की आपूर्ति में, एम3 द्वारा माप के अनुसार पिछले वर्ष के 13.8% की तुलना में 13.6% की वृद्धि हुई. पिछले वर्ष के 17% की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 16.5% रही.

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 3 मई,2011 को, 2011-12 के लिए घोषित मौद्रिक नीति विवरणी रिपो दर 50 बेसिस पाइंट बढाकर 7.25% कर दी है. विपरीत रिपो दर, जोकि अभी 100 आधार पाइंट के स्प्रेड से रिपो दर से कम हुई है, स्वतः 6.25% पर समायोजित हुई है. ये उपाय मुद्रास्फीति को कम करने के लिए मुख्य रूप से केन्द्रित है. मुद्रास्फीति में विपरीत जोखिम के रहते, बैंकों को 2011-12 में अपने कारोबार की वृद्धि करने व लाभ कमाने के लिए अधिक परिश्रम करना होगा. बचत बैंक दर विनियमन के लिए पूर्वगामी के रूप में देखे गए इस कदम में, भारिबैंक ने बचत बैंक जमाराशि पर ब्याज दर को 50 बेसिस पाइंट द्वारा 4.0% के रूप में वर्धित किया है, एक ऐसा कदम जो अधिकांश बैंकों के एनआईएम को प्रभावित करेगा, जबकि बैंकों ने भारिबैंक के पालिसी दर में वृद्धि के फलस्वरूप अपने आधार दर/पीएलआर को बढाया है, जिससे जमाराशियों के क्षेत्र में परिवर्तन देखे जाएंगे. बचत बैंक ब्याज दर में वृद्धि से, बैंकों को अतिरिक्त ब्याज लागत को कम-से-कम आंशिक रूप से ऑफसेट करने के लिए

तरीके ढूँढने होंगे. तथापि, अपनी कम लागत जमाराशि आधार बढाने में अधिकांश बैंकों द्वारा सामना की जा रही कठिनाइयों के रहते यह चुनौतीपूर्ण रहेगा.

दृष्टिकोण

कुछ पनपते तथा कुछ विकासशील अर्थव्यवस्था में चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि वर्तमान जैसी स्थिति, आने वाले वर्ष में अति तीव्र अर्थव्यवस्था विकसित न करे. मुद्रास्फीति का दबाव आगे और बढने की संभावना है चूंकि खाद्य तथा ऊर्जा की कीमत में वृद्धि से बढता उत्पादन क्षमता समस्या की पूर्ति करता है, जो उपभोग क्षेत्र के लिए भारी पडेगा, जिससे उच्च वेतन के लिए मौगें बढेंगी. असली ब्याज दर काफी कम है तथा वित्तीय पालिसीयां संकट के पहले से भी काफी ग्राह्य हैं. चक्रवर्धी व बाह्य स्थिति के आधार पर विभिन्न अर्थव्यवस्था में उचित कार्रवाई बदलती रहती है. तथापि, कई पनपते बाजार अर्थव्यवस्था में स्थूल आर्थिक नीति को मजबूत करने की आवश्यकता है.

भारतीय अर्थव्यवस्था के संबंध में, समग्र वृद्धि सूचक मिश्रित है. 2011-12 में सामान्य मानसून के आईएमडी द्वारा पूर्वापेक्षा के रहते कृषि की संभावना उत्साहवर्धक है. तथापि,औद्योगिक वृद्धि अभी होना बाकी है. अन्य सूचक , जैसे प्रत्यक्ष तथा परोक्ष कर वसूली, व्यापार निर्यात तथा बैंक ऋण से यह सुझाव मिलता है कि वृद्धि के संकेत मौजूद है. सेवा क्षेत्र गतिविधि के लिए संकेत प्रबल भी हैं. तथापि, अधिक ऊर्जा व पण्य वस्तुओं की कीमत का निष्पादन व निवेश क्षेत्र पर प्रभाव पडेगा तथा इससे अधिक वृद्धि बनाए रखने में मुश्किल आएगी.

2010-11 के दौरान निर्यात में सुधार से चालू खाता घाटा (सीएडी) पर नियंत्रण हुआ है. तथापि,यदि तेल व अन्य पण्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि रहती है तो सीएडी 2011-12 में बढ जाएगी. इससे अधिक बाह्य वित्तपोषण की आवश्यकता पडेगी.

उच्च मुद्रास्फीति के कारण, 2011-12 की अधिकांश अवधि में ब्याज दर में वृद्धि होती रहेगी. जबकि वृद्धि जोखिम में गिरावट हो रही है, मुद्रास्फीति में जोखिम बढ रही है तथा यह और थोडे से समय के लिए बढता रहेगा.

वर्ष 2010-11 में विजया बैंक का निष्पादन

कार्यकारी परिणाम

वर्ष 2010-11 के लिए बैंक द्वारा दर्ज निवल लाभ 2009-10 के ₹ 507 करोड की तुलना में 3.26% वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 524 करोड रहा, जबकि वर्ष 2010-11 के लिए परिचालन लाभ 2009-10 के ₹ 1057 करोड के मुकाबले ₹ 1047 करोड रहा. जमाराशियों के संदर्भ में जमाओं की औसत लागत 2009-10 के 6.21% से घटकर 2010-11 में 5.86% हो गई, जिसका कारण बेहतर संविभाग प्रबंधन रहा. 2010-11 में अग्रिमों पर आय (10.25%) लगभग पिछले वर्ष 7 के समान (10.26%) ही है.

बैंक के वित्तीय परिणामों की प्रवृत्ति तथा महत्वपूर्ण अनुपात नीचे दी गई तालिकाओं में दर्शायी गई है :

(₹ करोडों में)

क्रम सं.	आय – व्यय शीर्ष	2009-10	2010-11	वार्षिक वृद्धि (%)
1	ब्याज आय	5201	5844	12.36
2	ब्याज खर्च	3752	3897	3.87
3	निवल ब्याज आय (1-2)	1449	1947	34.36
4	गैर ब्याज आय	680	533	(-21.62)
I.	निवेशों की बिक्री पर लाभ	283	118	(-58.30)
II.	अन्य गैर ब्याज आय	397	415	4.53
5	निवल कुल आय (3+4)	2129	2480	16.49
6	परिचालन खर्च	1072	1433	33.68
I.	स्टाफ खर्च	706	1010	43.06
II.	अन्य परिचालन खर्च	366	423	15.57
7	परिचालन लाभ	1057	1047	(-0.95)
8	परिचालन लाभ (खजाना लाभ को छोडकर)	774	929	(-20.03)
9	प्रावधान और आकस्मिक खर्च	550	523	(-4.91)
10	निवल लाभ	507	524	3.26

प्रमुख लाभप्रदता अनुपात (%)

क्रम सं.	मद	2009-10	2010-11
1	निधि पर प्रतिफल	7.89	8.03
2	निधि लागत	5.69	5.36
3	ब्याज विस्तार (1-2)	2.20	2.67
4	अग्रिम पर प्रतिफल	10.26	10.25
5	जमा लागत	6.21	5.86
6	निवेश पर प्रतिफल - कुल लाभ को छोडकर - कुल लाभ सहित	 6.67 7.05	 6.50 6.97
7	औसत कार्यकारी निधि की तुलना में अन्य परिचालन खर्च	0.56	0.58
8	लागत–आय अनुपात	50.34	57.79
9	औसत कार्यकारी निधि की तुलना में स्थापना लागत	1.07	1.38

लाभांश

समग्र लाभप्रदता की स्थिति पर गौर करते हुए निदेशक मण्डल ने वर्ष 2010-11 के लिए ₹ 10/- के अंकित मूल्य वाले ईक्विटी शेयर के लिए प्रति शेयर ₹ 2.50 का लाभांश घोषित किया है जो कि लाभांश कर सहित ₹ 137.34 करोड बनता है.

पूंजी पर्याप्तता

31.03.2011 को बैंक की पूंजी पर्याप्तता अनुपात 13.88% रहा जबकि भारतीय रिज़र्व बैंक का मानदंड 9% है. बैंक की टायर-I पूंजी ₹ 4458 करोड तथा टायर-II पूंजी ₹ 1806 करोड है.

शाखा नेटवर्क

वर्ष 2010-11 के दौरान 42 शाखाओं को खोलने के साथ कुल शाखाओं का नेटवर्क पिछले वित्तीय वर्ष के 1158 स्तर से 1200 हो गया. वर्ष 2010-11 की शुरूआत में 47 विस्तार काउंटर तथा 2 सेटलाइट कार्यालय थे. वर्ष के दौरान बैंक ने 2 विस्तार काउंटर (ईसी) खोलें जिससे कुल ईसी तथा सेटलाइट कार्यालयों की संख्या 51 हो गयीं अर्थात 49 विस्तार काउंटर तथा 2 सेटलाइट कार्यालय.

जमा संग्रहण

बैंक की कुल जमाराशियां, ₹ 61932 करोड से बढकर ₹ 73248 करोड हो गयी यानी 18.27% की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज हुई. कासा जमाराशि में 21.33% की वृद्धि दर्ज हुई, जो कुल जमाराशि की 25.25% बनती है. कासा जमाराशि में वृद्धि बचत बैंक जमाराशि में 24.3% की वृद्धि से प्रभावित हुई जो कि वर्ष के दौरान ₹ 13330 करोड रही.

वर्ष 2010-11 के दौरान औसत सकल जमाराशि वर्ष 2009-10 के ₹ 56702 करोड की तुलना में ₹ 62104 करोड रही. बैंक ने वर्ष के दौरान वी-प्लैटिनम चालू खाता जमाराशि योजना की शुरूआत की ताकि एचएनआई ग्राहक आधार तथा कॉर्पोरेट जमाराशियों में सुधार किया जा सके.

ऋण विस्तार

वर्ष 2010-11 के दौरान कुल अग्रिम 17.38% वृद्धि के साथ ₹ 41935 करोड से बढकर ₹ 49222 करोड हो गया.

बुनियादी सुविधाओं के लिए वित्त

अन्य क्षेत्रों में, यथा 31.03.2011 बैंक द्वारा बुनियादी सुविधाओं के लिए ऋण ₹ 11277 करोड रहा जो कि कुल ऋण का 22.91% बनता है. बैंक ने सक्रिय रूप से प्रमुख बुनियादी सुविधा क्षेत्र जैसे बिजली उत्पादन, सडक/हाइवे, पोर्ट, हवाई अड्डे तथा शिक्षा संस्थानों को ऋण देने में भाग लिया. इन मंजूरियों के प्रति वित्तीय वर्ष 2011-12 में महत्वपूर्ण संवितरण देय है. बुनियादी सुविधा क्षेत्र तथा अन्य कोर क्षेत्र जैसे उद्योग, व्यापार तथा सेवाओं के लिए बढती हुई विशाल ऋण आवश्यकताओं के साथ चलते हुए संतुलित ऋण संविभाग को तैयार करने के लिए महत्व दिया गया.

मुंबई महानगर क्षेत्र के सिविल कांट्राक्टरों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, बैंक ने "वी-कांट्राक्ट (मुंबई) योजना" नामक नयी योजना की शुरूआत की ताकि उस क्षेत्र में प्रचलित वाणिज्यिक चलन के आधार पर विशेष रूप से उनकी ऋण आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके.

खुदरा ऋण

बदलते आर्थिक परिदृश्य तथा सभी स्तरों विशेषकर मध्यम आय वर्ग की जनसंख्या की खरीद शक्ति में अद्भुत वृद्धि के चलते बैंक ने अपनी खुदरा उधार योजनाओं जैसे आवास ऋण, शिक्षा ऋण, आभूषण ऋण आदि को प्राथमिकता देना जारी रखा.

वर्ष के दौरान बैंक ने खुदरा ऋण के अधीन ₹ 4588 करोड का संवितरण किया और मार्च 2011 को बकाया राशि ₹ 10041 करोड रही. खुदरा ऋण संविभाग बैंक के सकल ऋण का 20.40% बनता है.

वर्ष के दौरान बैंक ने आवास ऋण के अधीन ₹ 597 करोड, शिक्षा ऋण के अधीन ₹ 129 करोड, वी-व्हील्स के अधीन ₹ 550 करोड तथा आभूषण ऋण योजनाओं के अधीन ₹ 1158 करोड का संवितरण किया और यथा 31 मार्च 2011, आवास ऋण, शिक्षा ऋण, वी-व्हील्स व आभूषण ऋण योजनाओं के अधीन बकाया राशि क्रमश: ₹ 4213 करोड, ₹ 603 करोड, ₹ 929 करोड तथा ₹ 902 करोड रही. सडक परिवहन प्रचालक के अधीन वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 157% रही तथा आभूषण ऋण वर्ग के अधीन वृद्धि 58% रही.तीन प्रमुख खुदरा उत्पादों अर्थात विजया आवास ऋण योजना, वी-रेंट योजना तथा स्वर्ण आभूषणों के प्रति अग्रिम में व्यापक रूप से संशोधन किया गया है ताकि ये अधिक सरलीकृत हो और इनके लिए वित्त प्राप्त करने में अधिक बाधा न आएं. आभूषण ऋण क्षेत्र को बढावा देने के लिए 10 केंद्रों में ज्वेल शॉपी लगायी गयी है.

बैंक द्वारा मुख्यत: सूक्ष्म तथा लघु उद्यमों के लिए उधारीकृत नियमों तथा शर्तों पर वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विजया सेक्यूर्ड ओवरड्राफ्ट योजना (वीएसओडी) नामक एक नवोन्मेषी खुदरा उत्पाद की शुरूआत की गयी.

आरएसीपीसी को प्रशासनिक रूप में क्षेत्रीय कार्यालयों से अलग किया गया है और एक पृथक कारोबार इकाई के रूप में स्थापित किया गया है ताकि वे प्रस्तावों का तेज़ी से निपटान कर खुदरा उधारी का तेज़ी से विपणन कर सके.

प्राथमिकता क्षेत्र उधार

बैंक कई वर्षों से प्राथमिकता क्षेत्र उधारी में उल्लेखनीय निष्पादन दर्शा रहा है. बैंक का कुल प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम बढकर मार्च 2011 के अंत तक ₹ 14671 करोड हो गया.

कृषि वित्त

बकाया कृषि :

बैंक का प्रत्यक्ष कृषि अग्रिम मार्च 2010 के ₹ 3608 करोड से ₹ 165 करोड बढकर 4.57% की वृद्धि दर्ज करते हुए मार्च 2011 को ₹ 3773 करोड हो गया. कुल कृषि अग्रिम ₹ 4969 करोड रहा (कृषि के लिए अप्रत्यक्ष वित्त पर 4.50% उच्चतम सीमा के साथ).

कृषि के लिए संवितरण :

वर्ष के दौरान बैंक ने कृषि ऋण संवितरण के संबंध में अच्छा प्रदर्शन किया है. विशेष कृषि ऋण योजना के अधीन बैंक ने ₹ 6432 करोड के लक्ष्य के प्रति वर्ष 2010-11 के दौरान ₹ 3961 करोड का संवितरण किया जो कि 61.58% उपलब्धि बनती है.

किसान क्रेडिट कार्ड योजना

चालू वर्ष के दौरान बैंक ने 21426 विजया किसान कार्ड जारी किए तथा ₹ 256 करोड संवितरित किए. निष्पादन वर्ष के लिए लक्षित 29200 किसान कार्ड का 62.61% बनता है. बैंक ने कृषकों की सुविधा के लिए कुछ चुनी गयी शाखाओं में एटीएम समर्थ किसान क्रेडिट कार्डों का प्रवर्तन किया है.

नए किसानों को शामिल करना

वर्ष के दौरान बैंक ने विभिन्न कृषि संबंधी गतिविधियों के अधीन 69704 नए किसानों को वित्त प्रदान कर ₹ 648 करोड का संवितरण किया. भारत सरकार द्वारा प्रत्येक ग्रामीण व अर्ध-शहरीय शाखा के लिए 100 नए किसानों को वित्त देने के निर्धारित न्यूनतम मानदंड के प्रति बैंक द्वारा औसतन 131 नए किसानों को वित्त प्रदान किया गया.

सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यमों (एमएसएमई) का वित्तपोषण

सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यमों को अग्रिम मार्च 2010 के ₹ 5436 करोड से बढकर मार्च 2011 को ₹ 6768 करोड हो गया जो वर्ष-दर-वर्ष 24.50% की वृद्धि दर्शाता है. भा.रि.बैं. के निदेशों के अनुरूप मार्च 2011 तक सूक्ष्म उद्यमों को अग्रिम, एमएसई अग्रिमों का 50% होना चाहिए. बैंक ने वर्ष 2010-11 के लिए 52% की उपलब्धि प्राप्त की. एमएसई के अधीन प्रस्तावों के तेजी से निपटान के लिए आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण तथा ट्रैकिंग सिस्टम लगाया गया है (24.12.2010 से प्रभावी).

बैंक ने हाल ही में एक नयी योजना "विजया सेक्यूर्ड ओवरड्राफ्ट" शुरू की है ताकि प्राथमिकता क्षेत्र के अधीन एमएसई वर्ग के अधीन सत्वों की ऋण आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके. इस योजना के अधीन बैंक ने वर्ष 2010-11 के दौरान ₹ 345 करोड का विलीयन किया.

कमज़ोर वर्गों को अग्रिम

मार्च 2011 तक बैंक द्वारा कमज़ोर वर्गों को बकाया अग्रिम ₹ 3808 करोड था जो कि मार्च 2010 से 9.99% की वृद्धि है.

स्व-सहाय समूह (एसएचजी)

वर्ष 2010-11 के दौरान, बैंक ने, 25774 स्व-सहाय समूहों का वित्तपोषण किया और ₹ 248 करोड का संवितरण किया. संचयी रूप से, अब तक बैंक ने 144031 स्व-सहाय समूहों का वित्तपोषण किया और ₹ 511 करोड की बकाया राशि के साथ ₹ 891 करोड का संवितरण किया जिसमें बकाया शेष ₹ 511 करोड है. हमारे बैंक को वर्ष 2009-10 के लिए कर्नाटक राज्य में परिचालित वाणिज्यिक बैंकों में सबसे अधिक एसएचजी कारोबार करने के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

महिला हिताधिकारियों को ऋण

महिला हिताधिकारियों को अग्रिम 2010 के ₹ 2342 करोड से ₹ 442 करोड बढकर मार्च 2011 तक ₹ 2784 करोड रहा जो कि 18.87% की वृद्धि दर्शाता है. महिलाओं को, निवल बैंक ऋण के 5% के निर्धारित न्यूनतम मानदंड ऋण के प्रति बैंक की उपलब्धि 6.64% है.

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति को अग्रिम

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति को कुल अग्रिम मार्च 2010 के ₹ 705 करोड के प्रति मार्च 2011 तक ₹ 807 करोड रहा जो कि वर्ष के दौरान ₹ 102 करोड की बढ़ोतरी के साथ 14.47% की वृद्धि दर्शाता है.

अल्पसंख्यक समुदायों को ऋण

मार्च 2011 को अल्पसंख्यक समुदायों को दिए गए अग्रिमों की मात्रा ₹ 1411 करोड है और यह कुल प्राथमिकता क्षेत्र के अग्रिमों का 9.62% बनता है जबकि भा.रि.बैं. निर्धारित मानदंड 15% है.

सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के तहत उधार

बैंक लगातार सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं को लागू करने को महत्व देता आ रहा है. सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं के अधीन बैंक की उधारी निम्नानुसार है:

(₹ करोडों में)

क्रम सं.	लक्ष्य समूह/ योजनाएँ	हिताधिकारियों की संख्या	मार्च 2011को बकाया ऋण राशि
1	पीएमईजीपी	12376	85.89
2	एसजीएसवाई	4557	29.59
3	एसजेएसआरवाई	4237	28.35
4	डीआरआई	3317	6.13

विश्वेश्वरय्या ग्रामीण बैंक

बैंक द्वारा 1985 में स्थापित विश्वेश्वरय्या ग्रामीण बैंक (वीजीबी), एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अच्छी प्रगति कर रहा है. वीजीबी की कर्नाटक राज्य के मंडया जिले में कुल 30 शाखाएं हैं. 25.08.2010 से वीजीबी पूर्णत: सीबीएस समर्थ है. यथा मार्च 2011 को कुल जमाराशियां और अग्रिम क्रमश: ₹ 242 करोड व ₹ 159 करोड है. वीजीबी की वित्तीय स्थिति काफी उत्साहवर्धक है.

वित्तीय समावेशन

बैंक अखिल भारतीय आधार पर 2000 से अधिक की जनसंख्या वाले 377 गांवों को कवर करने के लिए वित्तीय समावेशन योजना का कार्यान्वयन कर रहा है. वित्तीय समावेशन के अधीन 31.03.2011 तक 75 गांवों को कवर किए जाने के लक्ष्य के प्रति बैंक ने कर्नाटक तथा केरल राज्यों में 113 गांवों को कवर किया है. शेष सभी गांवों को निर्धारित दिनांक अर्थात 31.03.2012 से पहले ही वित्तीय समावेशन योजना के अधीन कवर करने का प्रस्ताव है.

बैंक कर्नाटक सरकार की इलेक्ट्रॉनिक सुविधा अंतरण सेवा (ईबीटी) का भी कार्यान्वयन कर रहा है. एमएनआरईजीएस के अधीन 52178 खाते खोले गए तथा 45028 स्मार्ट कार्ड जारी किए गए. इसी प्रकार एसएसपी योजना के अधीन 40475 खाते खोले गए तथा 39187 स्मार्ट कार्ड जारी किए गए.

भा.रि.बैं. की मॉडल योजना के अधीन सिंडिकेट बैंक के साथ संयुक्त रूप से ज्ञान ज्योति साक्षरता तथा ऋण परामर्श न्यास तैयार की गयी है. न्यास ने मंड्या में अपना केंद्र चालू कर दिया है. 2 और केंद्र अर्थात हावेरी तथा धारवाड जल्दी ही क्रियान्वित किए जाएंगे. बैंक ने अन्य बैंकों के साथ मिलकर बागलकोट में कर्नाटक कृषक संसाधन केंद्र की स्थापना की है ताकि तेजी से ग्रामीण घरों में पहुंचा जा सके.

आस्ति गुणवत्ता

बैंक नए फिसलन को रोकने तथा लगातार आस्ति गुणवत्ता बनाए रखने पर ज़ोर देता रहा है. इस दिशा में बैंक ने विभिन्न उपायों को लागू किया है जिसमें से कुछ इस प्रकार है :

- क्षीण संकेत दर्शानेवाले/देय राशि में चूक होनेवाले खातों को पहचाना गया तथा उन्हें विशेष निगरानी में रखा. जहां कहीं भी संभव था ऐसी आस्तियों की पुनर्संरचना की गयी, योग्य मामलों में आवश्यकता आधारित अतिरिक्त ऋण सीमाओं पर विचार किया गया ताकि नए फिसलन को रोका जा सके.
- जानबूझकर चूककर्ताओं के मामले में प्रतिभूतिकरण, लोक अदालत/डीआरटी आदि कानूनी विकल्प सहित कठोर वसूली उपाय तत्काल शुरू किए गए.
- त्वरित वसूली की सुविधा के लिए चूककर्ताओं की देय राशि के सौहार्दपूर्ण निपटान के लिए नियमित रूप से आयोजन किया गया. वर्ष के दौरान ऐसे समझौते के जरिए बैंक ने 3675 खातों से ₹ 46.57 करोड की वसूली की.

मार्च 2011 को सकल गैर-निष्पादन आस्ति 2.56% रहा, जबकि निवल एनपीए अनुपात 1.52% था. वर्ष 2010-11 के दौरान बैंक को ₹ 659 करोड की कुल नकद वसूली हुई (ब्याज सहित) तथा ₹ 332 करोड के एनपीए का उन्नयन किया गया. 31 मार्च 2011 को ₹ 213 करोड के अस्थिर प्रावधानीकरण के अलावा अप्रत्याशित चूक के लिए ₹ 273 करोड का प्रावधानीकरण भी किया गया. मार्च 2011 को प्रावधान प्रावरण अनुपात (पीडब्ल्यूओ सहित) 63.69% रहा. तथापि, भा.रि.बैं. के पत्र सं.डीबीओडी.सं.बीपी.बीसी.87/21.04.048/2010-11 के अनुसार यथा 30.09.2010 को प्रावधान प्रावरण अनुपात 77.95% रहा.

निवेश और निधि प्रबंधन

बैंक का कुल निवेश संविभाग 31.03.2010 के ₹ 21107 करोड से 31.03.2011 को ₹ 25138 करोड तक बढ गया. वर्ष के दौरान निवेश पर औसत प्रतिफल (निवेश की बिक्री पर लाभ रहित) 2009-10 के 6.67% की तुलना में 6.50% है. समीक्षाधीन वर्षभर में बैंक की चलनिधि की स्थिति सामान्य रूप से संतोषजनक रही. बैंक ने वर्ष में भा.रि.बैं. द्वारा निर्धारित सीआरआर/एसएलआर अपेक्षाओं की पूर्ति लगातार की.

आरटीजीएस और एन ई एफ टी का कार्यान्वयन

बैंक, 14 जून, 2004 को रियल टाइम ग्रास सेटलमेंट (आरटीजीएस) प्रणाली में शामिल हुआ और 12 जनवरी, 2005 से ग्राहकों के लेनदेन कर रहा है. बैंक 7 दिसंबर, 2006 से नैशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रान्सफर (एनईएफटी) में शामिल हुआ. एनईएफटी सुविधा सभी आरटीजीएस सक्षम शाखाओं/कार्यालयों को प्रदान कर दी गयी है.

जोखिम प्रबंधन

बैंक ने मार्च 2009 से बेसल-II मानकीकृत दृष्टिकोण का कार्यान्वयन किया है और 31.03.2011 को सकल पूंजी पर्याप्तता अनुपात 13.88% बनता है जो कि निर्धारित न्यूनतम 9% के मानदंड से अधिक है. विकसित दृष्टिकोण में बाधारहित तथा प्रभावी परिवर्तन के उद्देश्य से बैंक एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली (आईआरएमएस) परियोजना का कार्यान्वयन कर रहा है. बैंक ने पहले ही भा.रि.बैं. से बाजार जोखिम के लिए आंतरिक मॉडल दृष्टिकोण (आईएमए) और परिचालन जोखिम के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण (टीएसए) अपनाने के लिए अनुमोदन हेतु संपर्क किया है.

ऋण जोखिम

बैंक ने एक व्यापक ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली तैयार की है जिसमें जोखिम निर्धारण, जोखिम आधारित मूल्य निर्धारण, जोखिम प्रशासन रणनीतियां आदि पहलू शामिल है. बैंक की ऋण जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया विवेकपूर्ण सीमाओं, पर्याप्त जोखिम, अधिमान क्षेत्र वृद्धि रणनीतियां, ऋण

अनुमोदन प्रक्रिया, ऋण समीक्षा तंत्र आदि के निर्धारण के संबंध में विनियामक मार्गनिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करती है. वर्ष के दौरान बैंक ने बाह्य रेटिंग कवरेज में सुधार करने हेतु कई पहल की. बैंक के 80% कॉर्पोरेट खाते अब बाह्य रेटिंग के अधीन कवर है. बैंक ने सभी खुदरा तथा गैर-खुदरा ऋणों के लिए जोखिम निर्धारण हेतु क्रिसिल से खरीदा गया द्विआयामी ऋण जोखिम निर्धारण साफ्टवेयर लगाया है. बैंक स्ट्रेस टेस्ट पॉलिसी के अनुसार ऋण जोखिम पर स्ट्रेस टेस्ट करता है.

एएलएम व बाज़ार जोखिम

बैंक के एएलएम तथा बाजार जोखिम का प्रबंधन आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) तथा बाजार जोखिम प्रबंधन समिति (एमआरएमसी) द्वारा किया जाता है. विभिन्न सांख्यिक खांडों में असमानताओं के लिए उपयुक्त सहनशील सीमाएं निर्धारित की गयी हैं ताकि चल निधि व ब्याज दर जोखिम दोनों का प्रबंधन किया जा सके. अल्पावधि चल निधि के बेहतर प्रबंधन के लिए बैंक दैनिक आधार पर एएलएम विवरणियों को तैयार करता है. चल निधि जोखिम प्रबंधन के अंश के रूप में आकस्मिकता निधीयन योजना, विवेकपूर्ण अनुपात/सीमाएं निर्धारित की गयी हैं तथा वास्तविक स्थिति की निगरानी की जाती है. ब्याज दर जोखिम का निर्धारण जोखिम पर अर्जन (ईएआर) तथा अवधि अंतर विश्लेषण (डीजीए) के द्वारा किया जाता है. ब्याज दर जोखिम, चल निधि जोखिम, फॉरेक्स जोखिम, आदि पर त्रैमासिक आधार पर स्ट्रेस टेस्ट किया जाता है. खजाना परिचालन पर मिड-ऑफिस रिपोर्ट दैनिक आधार पर तैयार की जाती है.

व्यापार बही के लिए वीएआर परिकलन तीन तरीकों अर्थात ऐतिहासिक अनुकरण, अंतर-सह-अंतर तथा मांटेकार्लो अनुकरण के अधीन 01.04.2010 से दैनिक आधार पर किया जाता है. आगे, वीएआर मॉडल की स्ट्रेस टेस्टिंग तथा बैक टेस्टिंग भा.रि.बैं. मार्गनिर्देशानुसार मासिक आधार पर की जाती है.

परिचालनात्मक जोखिम

वर्ष के दौरान बैंक ने मानकीकृत दृष्टिकोण (टीएसए) में माइग्रेट करने हेतु परिचालन जोखिम प्रबंधन ढांचे में सुधार करने के लिए कई पहल किए. बिसनेज लाइन मैपिंग पॉलिसी के अनुक्रम में बैंक ने मानकीकृत दृष्टिकोण (टीएसए) के अधीन परिचालन जोखिम के लिए पूंजी प्रभार का परिकलन किया और इसकी जानकारी ओआरएमसी/आरएमसीबी/मंडल निदेशकों को दी.परिचालन जोखिम हानियों की रिपोर्ट ओआरएमसी को नियमित आधार पर दी जाती है. मंडल निदेशकों ने वर्ष 2009-10 के लिए परिचालन जोखिम हानि के डाटा की समीक्षा भी की.

बैंक ने शीर्ष स्तर पर कारोबार निरंतरता प्रबंधन समिति (बीसीएमसी) और प्र.का./क्षे.का./शाखाओं में आपातकालीन प्रतिक्रिया दल का भी गठन किया है जो कारोबार निरंतरता प्रक्रिया संबंधी गतिविधियों को लागू करता है और उसकी देखरेख करते हैं. ये समितियां/प्रतिक्रिया दल आवधिक आधार पर मिलते हैं.

बेसल II का अनुपालन

बेसल II मानदंडों का अनुपालन करने की दृष्टि से बैंक त्रैमासिक आधार पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित प्रारूप में पूंजी पर्याप्तता के परिकलन पर समानांतर प्रक्रिया भी कर रहा है तथा भारतीय रिज़र्व बैंक को इसके प्रस्तुतिकरण के साथ-साथ मंडल को भी इसकी जानकारी दे रहा है.

इसके अलावा, बैंक ने चारों दर निर्धारण एजेंसियों जैसे क्रिसिल, आईसीआरए, सीएआरई तथा फिच के साथ भी करार किया है ताकि कॉर्पोरेट ग्राहकों का जोखिम दर निर्धारण कर सके.

प्रकटन नीति तथा आईसीएएपी नीति के अनुसार बैंक ने आवश्यक सूचना का समेकन किया है और मंडल तथा भारतीय रिज़र्व बैंक को इसके प्रकटन तथा प्रस्तुति के लिए गुणवत्ता आश्वासन टीम के द्वारा इसकी जांच करायी है.

एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली (आईआरएमएस) परियोजना

बेसल II ढांचे को सरल तथा प्रभावी ढंग से अपनाने के उद्देश्य से बैंक एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली (आईआरएमएस) का कार्यान्वयन कर रहा है.

आईआरएमएस परियोजना में छः समाधान हैं - जैसे ऋण जोखिम प्रबंधन (सीआरएम) ; बाज़ार जोखिम प्रबंधन (एमआरएम) ; परिचालन जोखिम प्रबंधन (ओआरएम) ; ऋण जोखिम दर निर्धारण समाधान (सीआरआर) (खुदरा व गैर-खुदरा) ; आस्ति देयता प्रबंधन (एएलएम) तथा निधि अंतरण मूल्य निर्धारण (एफटीपी) समाधान.

अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग

यथा 31.03.2011 को बैंक का निर्यात ऋण ₹ 1078 करोड रहा जिसमें से विदेशी मुद्रा में निर्यात ऋण की मात्रा यूएसडी 22.81 मिलियन है. यथा मार्च 2011 को, बैंक का विदेशी विनिमय कारोबार पण्यावर्त ₹ 12854 करोड रहा जबकि पिछले वित्तीय वर्ष यह ₹ 12530 करोड था.

बैंक छः विनिमय गृहों व मध्य पूर्वी देशों से दो अनिवासी बैंकों के साथ रुपया आहरण व्यवस्था में भाग ले रहा है. इसके अलावा, खाडी देशों से एनआरआई को भारत में कहीं भी हमारी शाखाओं में उनके खातों में इलेक्ट्रॉनिक रूप से निधि विप्रेषण करने हेतु बैंक ने यूएई विनिमय केंद्र एलएलसी तथा अलविन्सारी विनिमय यूएई के लिए "त्वरित विप्रेषण" सुविधा प्रदान की है.

इसके अतिरिक्त बैंक ने यूएसए में रहनेवाले एनआरआई के द्वारा भारत में हमारे बैंक अथवा किसी अन्य बैंक में उनके अपने खाते अथवा अन्य किसी व्यक्ति के खाते में निधि विप्रेषण की सुविधा हेतु एक वेब आधारित ऑनलाइन विप्रेषण सुविधा "वी-रेमिट एक्सप्रेस" शुरू की है.

व्यापारी बैंकिंग व सहायक गतिविधियां

बैंक, श्रेणी I व्यापारी बैंकर के रूप में निर्गम बैंकर, डिबेंचर ट्रस्टी, निक्षेपागार भागीदारी के लिए सेबी से पंजीकृत है. ब्लाक की गयी राशि (एएसबीए) योजना द्वारा समर्थित एप्लिकेशनों के अधीन जारी आईपीओ/अधिकार स्वीकृत

करने के लिए "स्व प्रमाणित सिंडिकेट बैंक" के रूप में भी बैंक पंजीकृत है.

बैंक, ब्याज/लाभांश/कॉर्पोरेटों का धनवापसी आदेशों के भुगतान के लिए भुगतान बैंकर का कार्य भी करता है. बैंक अपने ग्राहकों को जमा निक्षेपी सेवाएं भी प्रदान करता है. चालू वित्त वर्ष के दौरान ऑन-लाइन ट्रेडिंग भी शुरू हुई.

सरकारी कारोबार

विभिन्न सरकारी कारोबार के अधीन बैंक अपनी 288 शाखाओं में प्रत्यक्ष कर तथा अप्रत्यक्ष कर की वसूली भी कर रहा है. बैंक ने अपनी सभी शाखाओं में करों का ऑनलाइन भुगतान शुरू किया है. बैंक की 153 शाखाएं एक सार्वजनिक भविष्य निधि खाते खोलने के लिए पदनामित है. इसके अलावा, सभी शाखाएं राज्य पेंशन/केंद्रीय पेंशन के वितरण के लिए प्राधिकृत है. केंद्र सरकार पेंशनरों की पेंशन का भुगतान करने के लिए प्र.का. में केंद्रीकृत पेंशन संसाधन कक्ष भी स्थापित किया गया है.

नकद प्रबंधन सेवाएं, भारत में बैंकों के साथ एजेंसी व्यवस्थाएं :

बैंक की अन्य बैंकों के साथ उनके ड्राफ्टों के भुगतान तथा स्थानीय चेकों की वसूली के लिए कार्पोरेशन बैंक, सिटी बैंक, एचएसबीसी, एचडीएफसी, आईएनजी वैश्या, आईसीआईसीआई, डाइश बैंक तथा स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के साथ टाई-अप व्यवस्था है.

एलआईसी के साथ कॉर्पोरेट एजेंसी :

ग्राहकों की जीवन बीमा आवश्यकताओं के लिए बैंक ने भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ कॉर्पोरेट एजेंसी व्यवस्था की है.

उधारकर्ताओं के लिए समूह बीमा कवरेज :

बैंक ने वैयक्तिक उधारकर्ताओं के सामूहिक कवरेज हेतु मेसर्स बजाज अलायन्स लि. के साथ व्यवस्था की है.

निधि अंतरण सेवाएं (परंपरागत तथा ऑनलाइन) :

बैंक, निधि अंतरण सेवाओं के लिए मनीग्राम तथा एक्सप्रेस मनी का सब-एजेंट है. बैंक ने एनआरआई को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के लिए ऑनलाइन निधि अंतरण हेतु (रेमिट 2 इंडिया) टाइम्स ऑफ मनी लि. के साथ टाइ अप किया है.

पेमेंट गेटवेज के साथ टाइ-अप :

बैंक ने अपने इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों के द्वारा माल तथा सेवाओं की खरीद के लिए ऑन लाइन भुगतान हेतु टाइम्स ऑफ मनी लि. के साथ टाइ अप किया है. इसके अलावा बैंक ने अन्य पेमेंट गेटवे जैसे बिल डेस्क, सीसी एवेन्यू तथा टेक प्रोसेस सालूशन लि. के साथ भी टाइ अप किया है.

वाहन ऋणों के लिए टाइ-अप :

बैंक ने वैयक्तिक उपयोगार्थ वाहन ऋण प्रदान करने के लिए मेसर्स टोयोटा मोटर्स लि., मेसर्स टाटा मोटर्स लि., मेसर्स अशोक लेलैंड लि., मेसर्स महींद्रा एंड महींद्रा लि. तथा मेसर्स ह्युंडाय मोटर्स लि.के साथ टाइ अप किया है.

क्रेडिट कार्ड कारोबार

कार्ड प्रभाग, प्रधान कार्यालय में बिल्लिंग केंद्रीकृत की गयी है तथा प्रभाग से क्रेडिट कार्ड बिल्लिंग में नामे डाले जा रहे हैं. वित्तीय वर्ष के अंत तक बैंक द्वारा जारी कुल कार्ड 148978 है. 31.03.2010 के ₹ 44174 करोड के पण्यावर्त की तुलना में यथा 31.03.2011 को ₹ 43194 करोड का क्रेडिट कार्ड पण्यावर्त है.

बैंक द्वारा वर्ष के दौरान सूचीबद्ध किए गए व्यापारिक प्रतिष्ठानों की संख्या 31.03.2010 के 1098 के प्रति 1203 रही. बैंक हमारी कोर बैंकिंग शाखाओं में खाता रखनेवाले व्यापारियों को सीधे भुगतान करता है. कुछ अन्य व्यापारी जिनका अन्य बैंकों में खाता है, को भुगतान करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की एनईएफटी का इस्तेमाल किया जाता है.

डेबिट कार्ड

डेबिट कार्ड जारी करने में अच्छी बढोत्तरी हुई. यथा 31.03.2011 को जारी किए गए डेबिट/एटीएम कार्डों की संख्या वित्तीय वर्ष 31.03.2010 के दौरान जारी 11.35 लाख कार्डों की तुलना में 15.21 लाख कार्ड हैं. डेबिट कार्ड पण्यावर्त 31.03.2010 के ₹ 95 करोड की तुलना में ₹ 169.80 करोड था.

त्वरित व बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए वी-इंस्टेंट डेबिट कार्ड शुरू किए जा रहे हैं जहां ग्राहक खाता खोलने पर तत्काल डेबिट कार्ड उपलब्ध होगा.

विपणन डांचा

बैंक के प्र.का. में विपणन प्रभाग नए उत्पादों को तैयार करने, संभाव्य क्षेत्रों में हमारे खुदरा उत्पादों को प्रचलित करने के लिए विपणन अभियान, मौजूदा उत्पादों की समीक्षा करने तथा उनको बेहतर बनाने, कासा आधार को मजबूती करने के उपायों, विपणन गतिविधियों के लिए पैम्पलेट/पोस्टर/ब्राउशर/मेलर तैयार करने, उच्च प्रबंधन का नजरिया आधारभूत स्तर तक पहुंचाने, बैंक के उत्पादों तथा सेवाओं पर कार्यशालाएं आयोजित करने और बैंक द्वारा प्रदान की जानेवाली तकनीकी आधारित वैकल्पिक सुपुर्दगी सेवाओं जैसे वी-नेट बैंकिंग, आरटीजीएस/एनईएफटी/वी-मोबाइल बैंकिंग तथा एसएमएस अलर्ट के बारे में जागरूकता फैलाने में सक्रिय रूप से लगा हुआ है.

नयी पीढी वर्ग, वी-जेन यूथ बचत बैंक खाता तथा विशेष वर्ग वी-प्लेटिनम बचत बैंक खाता के खातेधारकों का पोषण करने के लिए कई पहल की गयी. वी-जेन यूथ बचत बैंक खाते में ₹ 25,000/- तथा उससे अधिक का शेष रखनेवाले खाताधारकों को नीले रंग का वी-जेन यूथ लोगो वाला स्कूल बैग दिया गया था. देशभर में स्कूल के बच्चों के लिए आकर्षक पुरस्कारों के साथ चित्रकला प्रतियोगिता की गयी थी. उत्पाद का प्रचार करने हेतु अपार्टमेंट कांप्लेक्सों में सभी क्षेत्रों द्वारा बच्चों के लिए वी-जेन यूथ हंगामा प्रतियोगिता की गयी थी. कर्नाटक राज्य के हाईस्कूल के बच्चों के लिए 25वीं वी-जेन यूथ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता बेंगलूर में आयोजित की गयी थी. अगली पीढी

के लिए वी-जेन यूथ बचत बैंक तथा वी-जेन यूथ उन्नति आरडी उत्पादों के साथ जुड़ी अत्यधिक प्रचलित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता विशेष कैलेण्डर घटना बन गयी है.

वी-प्लेटिनम बचत बैंक खाता वर्ग का पोषण करने के लिए खाता शेष के आधार पर खाताधारकों को लैपटॉप बैग, चार ऑडियो सीडी वाला गिफ्ट पैक तथा दो व्यक्तियों के लिए उपहार स्वरूप सिनेमा टिकेट प्रदान किए गए थे. इसके अतिरिक्त इस वर्ग में 20 से 30 वर्ष आयु समूह के युवाओं को "व्हाइल्ड क्राफ्ट" लैपटॉप बैग दिए गए थे. वी-प्लेटिनम चालू खाताधारकों को भारत में धार्मिक स्थानों में की जानेवाली कार्रवाई का सीधा प्रसारण देखने के लिए डिवाइन कार्ड दिए गए थे.

प्रचार तथा जनसंपर्क

वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान देशभर में बैंक तथा इसके उत्पादों के प्रचार में बढोत्तरी के लिए बैंक ने अंग्रेजी, हिन्दी तथा क्षेत्रीय भाषाओं में प्रिंट मीडिया में कई प्रमुख प्रचार अभियान किए हैं. बैंक ने विश्व कप क्रिकेट के दौरान रेडियो मिर्ची के 32 स्टेशनों में कॉर्पोरेट/उत्पाद प्रचार अभियान भी किया. इसके साथ-साथ बैंक ने दृश्यता को लक्षित बाह्य प्रचार परियोजनाओं को विभिन्न रेल्वे स्टेशनों तथा बस अड्डों पर प्रदर्शन के जरिए तथा प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, हाईवे तथा हवाईअड्डों पर विज्ञापन पट्ट लगाकर चालू रखा है.

ग्राहक सेवा और शिकायतों का निपटान

बैंक में एक सुस्थापित शिकायत निवारण तंत्र है तथा प्रयास किया जाता है कि सभी शिकायतों को समय के अंदर निपटाया जा सके. ग्राहक शिकायतें पूर्णत: ग्राहक संतुष्टि के अनुसार निपटायी जाती है. बैंक ने शाखा स्तर पर ग्राहक सेवा समितियों तथा प्रधान कार्यालय स्तर पर स्थायी ग्राहक समिति का गठन किया है जिसमें एक ग्राहक सदस्य के रूप में होता है. ये समितियां आवधिक अंतराल पर बैठक आयोजित करती है और ग्राहक सेवा का मूल्यांकन एवं निगरानी करती है तथा उनकी शिकायतों का निवारण करती हैं. मंडल की ग्राहक सेवा समिति भी त्रैमासिक आधार पर ग्राहक सेवा की समीक्षा करती है.

बैंकिंग कूट व भारतीय मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई)

बीसीएसबीआई के सदस्य के रूप में बैंक ने बीसीएसबीआई द्वारा तैयार की गयी स्वैच्छिक कूट को अपनाया है अर्थात (i) ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता कूटा (ii) सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के प्रति प्रतिबद्धताा. बैंक ने बीसीएसबीआई के मार्गनिर्देशानुसार कई नीतियों को भी तैयार किया है तथा उसका अनुपालन किया है. मानकों के सही रूप में अनुपालन के उद्देश्य से स्टाफ सामान्य बैंकिंग प्रशिक्षणों में मानकों के प्रावधानों को समाहित करते हुए ग्राहक सेवा पर एक सत्र को शामिल किया गया है.

सूचना प्रौद्योगिकी

बैंक ने एकीकृत मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस), एकीकृत खजाना प्रबंधन प्रणाली (आईटीएमएस) तथा एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली (आईआरएमएस) का कार्यान्वयन किया है. आईटीएमएस तथा एचआरएमएस का परिचालन कर उसे कोर बैंकिंग प्रणाली के साथ एकीकृत किया गया है. इस मॉड्यूल के सभी प्रमुख परियोजनाएं अब परिचालन में है.

कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) :

बैंक ने यथा 28.03.2009 को सभी शाखाओं में केंद्रीकृत डाटा बेस के साथ कोर बैंकिंग प्रणाली का कार्यान्वयन किया है तथा इसके अधीन 99.98% कारोबार को कवर किया है. केवल जेएनडी मॉड्यूल का कार्यान्वयन किया जाना बाकी है. सीबीएस के अधीन शाखाओं/कार्यालयों की मौजूदा स्थिति निम्नानुसार है :

यथा 31.03.2011 को सीबीएस स्थिति

सीबीएस - शाखाएं	1200
सीबीएस में विस्तार काउंटर	44
सेवा शाखाओं सहित कार्यालय	105
कुल	1349

बैंक का डाटा सेंटर प्रधान कार्यालय भवन, बेंगलूर में स्थित है तथा डिसास्टर रिकवरी केंद्र (डीआरसी) मुंबई में स्थापित किया गया है.

वैकल्पिक सुपुर्दगी माध्यम

ग्राहकों तथा बैंकों के आपसी लाभ के लिए वैकल्पिक सुपुर्दगी माध्यम समर्थित प्रौद्योगिकी का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए विपणन कक्ष में कई कार्यकलाप किए हैं. ग्राहकों को मेल भेजे गए जिसमें इंटरनेट बैंकिंग जैसे वैकल्पिक सुपुर्दगी माध्यम के लाभ, डेबिट कार्ड का उपयोग, ऑन-लाइन खरीद, आरटीजीएस/एनईएफटी के जरिए निधि अंतरण के लाभ पर प्रकाश डाला गया. कर्मचारी महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में फ्रंटलाइन कर्मचारियों की सुविधा के लिए वैकल्पिक सुपुर्दगी माध्यम पर एक सत्र चलाया जाता है. यह सुनिश्चित करने के लिए कि ये सारी सुविधाएं ग्राहकों तक पहुंचायी जाती है स्टाफ सदस्यों को कार्यशालाओं में इन माध्यमों की जानकारी दी जा रही है.

एसएमएस अलर्ट

हमारे ग्राहकों की सुविधा के लिए त्वरित तथा तकनीकी आधार सेवा प्रदान करने के हमारे लगातार प्रयासों के रूप में बैंक ने जुलाई, 2009 में फिनाकल के माध्यम से वित्तीय लेनदेनों के लिए एसएमएस/ई-मेल अलर्ट की शुरूआत की. यथा 31.03.2011 को 693726 पंजीकृत उपयोगकर्ता थे.

वी-मोबाइल

सितंबर, 2009 में शुरू किया गया उत्पाद खाता शेष पूछताछ, लघु विवरणी, निधि अंतरण, बिल भुगतान, मोबाइल मुद्रा चार्जिंग सुविधा, आदि जैसी

सुविधाएं उपलब्ध कराता है. यथा 31.03.2011 को संपूर्ण 21 क्षेत्रों में 22545 पंजीकृत उपयोगकर्ता थे.

इंटरनेट बैंकिंग

वी-नेट बैंकिंग, बैंक का इंटरनेट बैंकिंग मॉड्यूल खाता शेष पूछताछ, खाता विवरणी, अंतर बैंक निधि अंतरण, एसएमएस अलर्ट से संबंधित लेनदेन, अप्रत्यक्ष कर, प्रत्यक्ष कर तथा उपयोगकर्ता बिल का भुगतान, आदि पूर्व सुविधाओं के अतिरिक्त एनईएफटी/आरटीजीएस के जरिए अन्य बैंकों के लिए ऑन-लाइन निधि अंतरण, हिताधिकारी का ऑन-लाइन पंजीकरण, सेवा कर, केंद्रीय शुल्क के भुगतान के लिए अद्यतन चालान प्रारूप की उपलब्धता आदि भी उपलब्ध कराता है. कोर बैंकिंग प्लॉटफार्म में सभी शाखाओं के जुडने के साथ बैंक के सभी ग्राहक इस सुविधा का लाभ इंटरनेट के जरिए किसी भी समय, किसी भी स्थान से अपने खाते को देखने तथा लेनदेन करने के लिए उठा सकते हैं. बैंक ने इंटरनेट लेनदेनों के लिए दो-कारक प्रमाणीकरण(2 एफए)का कार्यान्वयन करने के लिए कदम उठाएँ हैं. अब तक वी-नेट बैंकिंग मॉड्यूल में 68575 खुदरा ग्राहक तथा 8477 कार्पोरेट ग्राहक शामिल हुए हैं.

एटीएम

वर्ष 2010-11 के दौरान 110 अतिरिक्त एटीएम चालू किए गए जिससे मार्च 2011 के अंत तक कुल एटीएम की संख्या 545 हो गयी. इस प्रकार बैंक के ग्राहकों को नैशनल फैनंशियल स्विच (एनएफएस) के अधीन देश भर में जुडे हुए 70000 एटीएम की सुविधा प्राप्त है.

चेक ट्रंकेशन प्रणाली

भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशानुसार हमारे बैंक ने एनसीआर क्षेत्र दिल्ली में चेक ट्रंकेशन प्रणाली का कार्यान्वयन किया है. भारतीय रिजर्व बैंक(भारिबैं) ने भारतीय राष्ट्रीय निगम (एनपीसीआई) को चेन्नई में मार्च 2011 तक सीटीएस लागू करने के लिए कहा है. एनपीसीआई की योजना के अनुसार तमिलनाडु, कर्नाटक तथा केरल राज्यों के 18 केन्द्रों को कवर करते हुए चेन्नई को हब के रूप में रखते हुए ग्रिड समाशोधन की संभावना पर विचार किया गया है. प्रारंभिक चरण में अप्रेल 2011 तक चेन्नई में सीटीएस परिचालित किया जाएगा. विजया बैंक भी परिचालन के शुरू होने पर सीटीएस में भाग लेने के लिए तैयार है.

मानव संसाधन प्रबंधन

श्रमशक्ति तथा स्टाफ उत्पादकता

बैंक में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या मार्च 2010 के 11565 की तुलना में मार्च, 2011 में 11415 थी. कुल स्टाफ में से 5048 अधिकारी, 3904 लिपिकीय कर्मचारी, 2127 अधीनस्थ कर्मचारी तथा अधीनस्थ संवर्ग में 336 अंशकालीन कर्मचारी हैं. मार्च 2011 के अंत तक महिला कर्मचारियों की संख्या 2346 थी जिसमें 890 अधिकारी और 1456 एवार्ड स्टाफ हैं जो कि बैंक के कुल कर्मचारियों का 20.55% है. मार्च 2011 के अंत तक शारीरिक रूप से असक्षम वर्ग में 203 कर्मचारी और भूतपूर्व सैनिक वर्ग में 576 कर्मचारी थे.

प्रति कर्मचारी कारोबार मार्च 2010 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए ₹ 9.30 करोड की तुलना में मार्च 2011 में ₹ 11.05 करोड रहा.

भर्ती

वर्ष के दौरान बैंक ने 590 परिवीक्षाधीन लिपिकों की भर्ती की. बैंक ने 1/3 वेतनमान में 47 अंशकालीन सफाई कर्मचारियों की भी भर्ती की. बैंक ने सीधे भर्ती प्रक्रिया के साथ-साथ विभिन्न कैंपस भर्ती प्रक्रिया के जरिए विभिन्न श्रेणियों/ वेतनमान में 893 अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है.

उपरोक्त के अलावा बैंक ने नए अर्हता प्राप्त सनदी लेखाकारों की भर्ती के लिए कैंपस भर्ती प्रक्रिया का भी आयोजन किया है. बैंक ने 235 चपरासियों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है. बैंक 1/3 वेतनमान में 250 अंशकालीन सफाई कर्मचारियों की भी नियुक्ति करने की प्रक्रिया में है.

पदोन्नतियां :

वर्ष 2010-2011 के दौरान की गयी पदोन्नतियां निम्नानुसार हैं:

क्रम सं.	से पदोन्नति	तक पदोन्नति	कुल पदोन्नत
1	उ.का.श्रे.वे-VI	उ.का.श्रे.वे- VII	9
2	व.प्र.श्रे.वे-V	उ.का.श्रे.वे-VI	18
3	व.प्र.श्रे.वे-IV	व.प्र.श्रे.वे-V	40
4	म.प्र.श्रे.वे-III	व.प्र.श्रे.वे-IV	142
5	म.प्र.श्रे.वे-II	म.प्र.श्रे.वे-III	269
6	क.प्र.श्रे.वे-I	म.प्र.श्रे.वे-II	395
7	लिपिकीय	क.प्र.श्रे.वे-I	233

प्रशिक्षण

अतिरिक्त एवं सक्षम श्रमशक्ति तथा वर्धित बजट आबंटन के जरिए बैंक की प्रशिक्षण प्रणाली को सुदृढ किया गया है. कर्मचारियों के लिए वर्तमान तथा भविष्य के समनुदेशों को संभालने तथा उच्चतम प्रतिस्पर्धी तकनीकी आधारित ग्राहकोन्मुखी बैंकिंग वातावरण में अपने कर्तव्यों तथा दायित्वों को ठीक से निभाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम को पुन: तैयार किया गया है. बैंक अपने कर्मचारियों को कुछ प्रतिष्ठित बाह्य प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से कुछ विशेषीकृत क्षेत्रों जैसे खजाना प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, फॉरेक्स, मानव संसाधन, विपणन आदि में भी प्रशिक्षण दिलवा रहा है. पिछले वित्त

वर्ष के दौरान बैंक ने 6777 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाया जो कि कुल कर्मचारियों की 59.40% बनता है. जिसमे से 6175 कर्मचारियों को बैंक की निजी संस्थाओं में प्रशिक्षण दिलाया गया, 602 को समुद्रपारीय संस्थाओं सहित प्रतिष्ठित बाह्य प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण दिलाया गया.

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी

मार्च 2011 के अंत तक कुल 11415 स्टाफ में से 1724 अनुसूचित जाति वर्ग के थे और 605 अनुसूचित जनजाति वर्ग के थे. अ.जा./अ.ज.जा. कर्मचारियों से संबंधित मामलों और उनके सेवा मामलों में भारत सरकार के मार्गनिर्देशों के तत्काल कार्यान्वयन की देखरेख करने के लिए कार्मिक विभाग, प्र.का. में एक अलग अ.जा./अ.ज.जा. कक्ष का निर्माण किया गया है. अ.जा./अ.ज.जा. कक्ष सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में भी कार्य कर रहे हैं. प्रत्येक कक्ष में एक पदनामित संपर्क अधिकारी है जो अ.जा./अ.ज.जा. कर्मचारियों की शिकायतों का निवारण करता है. प्र.का. में उच्च कार्यपालक श्रेणी के एक अधिकारी को अ.जा/अ.ज.जा. कर्मचारियों के लिए मुख्य संपर्क अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया है और उनकी सहायता वरिष्ठ अधिकारियों वाला एक कक्ष करता है. मुख्य संपर्क अधिकारी को अ.जा/अ.ज.जा. कर्मचारियों से संबंधित सभी नीति निर्णयों में शामिल किया जाता है. इसके अलावा, अ.जा./अ.ज.जा. कर्मचारियों के प्रतिनिधियों व प्रबंधन के बीच तिमाही बैठकें आयोजित की जाती है. अ.जा/अ.ज.जा. कर्मचारी संघ तथा बैंक के बीच संबंध लगातार सौहार्दपूर्ण बने रहे. बैंक नियमित तौर से अ.जा/अ.ज.जा. के लिए भर्ती-पूर्व/पदोन्नति-पूर्व प्रशिक्षण सुविधा देता है.

आगे, बैंक ने अन्य पिछडे वर्गों और अल्प संख्यक समुदायों के कर्मचारियों की शिकायतों की सुनवाई के लिए मुख्य संपर्क अधिकारी के रूप में एक महा प्रबंधक को भी पदनामित किया है. हमारा बैंक अ.जा/अ.ज.जा., ओ.बी. सी.व अल्प संख्यक समुदाय के कर्मचारियों के लिए भारत सरकार की सभी आरक्षण नीति का अनुपालन कर रहा है जिसमें शारीरिक रूप से असक्षम व्यक्ति भी शामिल हैं.

स्टाफ संबंध

बैंक द्वारा व्यवहार्य एवं मानवीय दृष्टिकोण रखने के कारण बैंक को सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए और बैंक प्रबंधन तथा बैंक के कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों से बैंक लगातार प्रगतिशील वृद्धि दिखा रहा है. वातावरण सकारात्मक है तथा इसका परिणाम मार्च 2011 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक द्वारा चौतरफा वृद्धि के रूप में आया. बैंक में औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण तथा मधुर रहे. वर्ष के दौरान कर्मचारियों द्वारा बैंक से संबंधित मुद्दों के लिए कोई आंदोलन अथवा अशान्ति नहीं रही. कर्मचारियों की शिकायतों का निवारण करने तथा विवाद, यदि कोई, को सौहार्दपूर्ण तरीके से दूर करने के उद्देश्य से मान्यता प्राप्त यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ नियमित अंतरालों पर सलाहकार समिति बैठक तथा समझौता समिति बैठकें हुईं तथा इन बैठकों में बैंक के शीर्ष कार्यपालक उपस्थित रहें.

खेलकूद गतिविधियां :

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बैंक खेलकूद तथा खिलाडियों के व्यक्तित्व को बढावा देने पर जोर देता रहा. बैंक के कई खेलकूद कार्मियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा वर्ष के दौरान पुरस्कार प्राप्त किया.

बॉस्केटबॉल :

बैंक की बॉस्केटबॉल टीम ने कर्नाटक स्टेट सीनियर डिविजन लीग चैंपियनशिप व सितंबर-अक्तूबर 2010 दौरान बैंगलोर में आयोजित महिन्द्रा एनबीए लीग चैंपियनशिप में भाग लिया तथा विजेता रहे. श्री संजय राज तथा श्रीनिवास नायक ने जनवरी 2011 के दौरान आयोजित राष्ट्रीय बॉस्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए कर्नाटक राज्य की टीम का प्रतिनिधित्व किया. श्री श्रीनिवास गौडा, श्री बसवराज व श्री श्रीनिवास नायक ने फरवरी 2011 के दौरान रांची में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में कर्नाटक राज्य का प्रतिनिधित्व किया.

क्रिकेट :

श्री आर.विनयकुमार ने वेस्ट इंडिज में आयोजित टी20 विश्व चैंपियनशिप 2010-2011 में भारतीय क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व किया. उन्हें रणजी ट्रॉफी के लिए कर्नाटक राज्य टीम के कप्तान के रूप में भी नामित किया गया. श्री सी.एम.गौतम तथा श्री एस.आई.अक्षय ने चेन्नई में आयोजित बुच्चा बाबू टूर्नामेंट में कर्नाटक राज्य का प्रतिनिधित्व किया. श्री आर.विनयकुमार तथा श्री सी.एम.गौतम ने 2010-11 में दिलीप ट्रॉफी तथा देवधर ट्रॉफी चैंपियनशिप के लिए साउथ जोन टीम का प्रतिनिधित्व किया.

कब्बड्डी :

हमारी कब्बड्डी टीम ने बैंगलोर में आयोजित कर्नाटक राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में भाग लिया तथा विजेता रहे. श्री के.मनोज, बैंक की कब्बड्डी टीम के सदस्य को अक्तूबर 2010 के दौरान एसएआई स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, सोनीपत में आयोजित राष्ट्रीय कब्बड्डी कोचिंग कैंप में भाग लेने के लिए चुना गया.

व्हेट लिफ्टिंग :

श्री एस.प्रकाश, बैंक के व्हेट लिफ्टिंग टीम के सदस्य जोकि वर्तमान में हमारी वाणी विलास रोड शाखा में सहायक प्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं, ने पुत्तुर में आयोजित राज्य व्हेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप में भाग लिया और दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया (77 कि.ग्रा. भार श्रेणी में रजत पदक).

स्टाफ कल्याण उपाय

बैंक में विभिन्न स्टाफ कल्याण योजनाएं जैसे कैंटीन अनुदान, वाहन व्यय प्रतिपूर्ति, वार्षिक स्वास्थ्य जांच, प्र.का. में स्वास्थ्य क्लीनिक, अधिवार्षिता

पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वार्षिक चिकित्सा सहायता, समाचार पत्र प्रतिपूर्ति, रजत जयंती पुरस्कार प्रदान करना, मकान किराया प्रतिपूर्ति, बैंगलोर, मैसूर, ऊटी, दिल्ली व मुंबई में हॉलिडे होम, आदि हैं.

बैंक में कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को कल्याण सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक अलग कल्याण निधि न्यास भी है अर्थात कर्मचारियों के बच्चों को छात्रवृत्ति देना, अस्पतालीकरण व्यय के दावे की प्रतिपूर्ति, चश्मे के व्यय की प्रतिपूर्ति, मृत कर्मचारी के आश्रितों को अंतिम संस्कार व्यय, अधिवर्षिता उम्र होने के बाद बैंक की सेवा से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि देना, आदि.

बैंक, परिवार कल्याण योजना भी चला रहा है जिसके अधीन योजना के सदस्यों से एकत्रित राशि मृतक स्टाफ सदस्य के परिवार के सदस्यों (नामितियों) को वितरित की जाती है.

मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली

त्वरित निर्णय लेने तथा प्रधान कार्यालय में केंद्रीयकृत त्रुटिमुक्त कर्मचारी डाटा प्रबंधन तैयार करने के लिए बैंक ने एचआरएमएस (पीपल सॉफ्ट) सॉफ्टवेयर का कार्यान्वयन किया है.

आंतरिक लेखा कार्य

सभी अंतर बैंक लेनदेनों के संबंध में मिलान 31.03.2011 तक कर दिया गया है. अंतर शाखा बकाया प्रविष्टियों के मिलान के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित छह महीनों की न्यूनतम अवधि की तुलना में हमारी वर्तमान स्थिति 3 महीने है. विभिन्न संवेदनशील खातों के अधीन सभी बकाया प्रविष्टियों का तुरंत अनुवर्तन किया जा रहा है. लंबित अदालत मामलों से संबंधित प्रविष्टियों को छोड़कर अन्य सभी दीर्घकालीन बकाया प्रविष्टियों को समाप्त कर दिया गया है.

आंतरिक निरीक्षण

बैंक ने सुपरिभाषित लेखा परीक्षा नीति लागू की है. मंडल की लेखा परीक्षा समिति नियमित तौर पर लेखा परीक्षा कार्य के निष्पादन की देखरेख करती है जिसके लिए बैंक की लेखा परीक्षा प्रणाली व आंतरिक नियंत्रण में सुधार लाने के लिए मार्गदर्शन व निर्देश देती है.

बैंक नियमित तौर पर जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा करता है. बैंक ने 777 निर्धारित शाखाओं में से 777 शाखाओं का जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षण किया है.

इसके अतिरिक्त वर्ष के दौरान 38 फॉरेक्स शाखाओं, 12 सेवा शाखाओं, 29 मुद्रा कोष, 10 क्षेत्रीय कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय के 9 विभागों का निरीक्षण किया गया. आईएस लेखा परीक्षा नीति के अनुसार शाखाओं में आईएस लेखा परीक्षा की जाती है.

बैंक का 77.31% कारोबार सनदी लेखाकारों के बाह्य फर्म द्वारा समवर्ती लेखा परीक्षा के अधीन है जबकि 16 शाखाओं में हमारे आंतरिक निरीक्षकों द्वारा समवर्ती लेखा परीक्षा की गयी(अर्थात.,प्र.का. के 5 विभागों सहित कुल271). बैंक लेखा परीक्षा प्रणाली में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग कर रहा है जिसमें जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली (आरबीआईए) में स्वचालन भी शामिल है.

अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी), धन शोधन निवारक (एएमएल) तथा आतंकवाद को वित्तीयन की रोकथाम (सीएफटी)

बैंक की "अपने ग्राहक को जानिए" , " धन शोधन निवारक" तथा "आतंकवाद को वित्तीयन की रोकथाम" पर पॉलिसी है और प्र.का.स्थित केवाईसी कक्ष तथा क्षेत्रीय कार्यालय में एक पदनामित नोडल अधिकारी द्वारा इसकी देखरेख की जाती है. पॉलिसी मार्गनिर्देश पहली बार 2005 में जारी किए गए थे तथा इनका समय-समय पर अद्यतन किया जाता है.

केवाईसी मानदंडों तथा एएमएल मार्गनिर्देशों के कार्यान्वयन की आंतरिक निरीक्षकों तथा समवर्ती लेखापरीक्षकों, सर्तकता निरीक्षकों तथा कार्यपालकों द्वारा शाखा निरीक्षण के दौरान जाँच की जाती है. प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय में शाखाओं में इसके कार्यान्वयन की देखरेख के लिए एक नोडल अधिकारी होता है तथा वह मासिक आधार पर केवाईसी मानदंडों के कार्यान्वयन की पुष्टि से संबंधित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करता है. उच्च प्रबंधन को आवधिक आधार पर गतिविधियों से अवगत कराया जाता है.

केवाईसी मानदंड, ग्राहक प्रोफाइल तथा जोखिम वर्गीकरण पर ब्यौरे प्राप्त करने के लिए खाता खोलने के फार्म में आवश्यक परिवर्तन किए जा रहे हैं.किसी भी खाते में चेक बुक जारी करने से पहले केवाईसी अनुपालन के स्तर की जाँच करने के लिए सिस्टम सहायता उपलब्ध करायी जा रही है.

धन शोधन निवारण का कार्यान्वयन:

यूएन द्वारा उपलब्ध करायी गयी आतंकवादीयों की सूची से ग्राहकों के नाम का मिलान करने तथा प्रत्येक खाते में केवाईसी अनुपालन के स्तर की जाँच करने के लिए एक सिस्टम सहायता उपलब्ध करायी गयी है. धन शोधन निवारकके नियंत्रण के रूप में प्र.का. में विशेषीकृत एएमलॉक साफ्टवेयर के जरिए नकद लेनदेनों की देखरेख की जा रही है.

एएमलॉक साफ्टवेयर के जरिए बड़े मूल्य वाले लेनदेनों की निगरानी, नकद लेनदेन रिपोर्ट, संदेहास्पद लेनदेन रिपोर्ट तथा जाली मुद्रा रिपोर्ट उत्पन्न की जा रही है.

शाखाओं तथा मुद्राकोषों को अनुदेश दिया गया है कि जाली मुद्रा प्राप्त होने पर उन्हें केवाईसी कक्ष को उसकी रिपोर्ट करनी चाहिए. प्र.का. में सिस्टम के जरिए सीसीआर उत्पन्न किया जा रहा है तथा एफआईयू-आईएनडी को इसकी प्रस्तुति की जा रही है.

स्टाफ तथा अधिकारियों को केवाईसी,एएमएल तथा सीएफटी पर स्टाफ कर्मचारी महाविद्यालय में प्रशिक्षण दिया जा रहा है.

सतर्कता

प्रधान कार्यालय में बैंक के सतर्कता विभाग की अध्यक्षता मुख्य महा प्रबंधक स्तर के मुख्य सतर्कता अधिकारी कर रहे हैं जोकि स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद से हैं. सतर्कता विभाग के अधीन धोखाधड़ी निवारण व निगरानी कक्ष भी कार्यरत है. सतर्कता विभाग, बैंक का सारा सतर्कता कार्य केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा निर्धारित मार्गनिर्देशों के अनुरूप करता है. ₹ 1.00 लाख व अधिक की धोखाधड़ी के मामले मंडल के निदेशकों के समक्ष रखा जाता है तथा इसकी रिपोर्ट भा.रि.बैं. को धोखाधड़ी के पता चलने तथा रिपोर्ट किए जाने पर अग्रेषित किया जाता है. मंडल की लेखा परीक्षा समिति को तिमाही आधार पर ₹ 1.00 लाख व अधिक की धोखाधड़ियों की सूचना दी जाती है. भा.रि.बैं. के मार्गनिर्देशों के अनुपालन में ₹ 1.00 करोड व अधिक की उच्च मूल्य की धोखाधड़ियों की समीक्षा मंडल की एक विशेष समिति के द्वारा की जा रही है. पता किए गए धोखाधड़ी की कार्यप्रणाली का अध्ययन करने के बाद बैंक द्वारा निवारक सतर्कता उपाय के रूप में क्षेत्र स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए उचित अनुदेश जारी किए जाते हैं. इसके अतिरिक्त, सतर्कता विभाग निवारक सतर्कता उपाय के रूप में शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण भी करता है. ये क्षेत्रीय कार्यालयों में स्थित क्षेत्रीय सतर्कता अधिकारियों द्वारा किए जाते हैं. एक ही प्रकार की धोखाधड़ियों को बार-बार होने से रोकने और निवारक सतर्कता उपायों को सशक्त बनाने के लिए मौजूदा प्रणाली में कमियों को हटाने के सभी प्रयास किए जाते हैं.

अनुपालन

मंडल अनुमोदित अनुपालन नीति भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार अपेक्षित है तथा तदनुसार बैंक ने अनुपालन नीति अपनायी है. अनुपालन विभाग, प्र.का. सुनिश्चित करता है कि प्रधान कार्यालय में भारत सरकार, भा.रि.बैं., भा.बैं.सं. तथा दूसरों से प्राप्त विभिन्न संप्रेषण का अनुपालन किया जाता है जिसके लिए संबंधित परिचालनात्मक विभागों को अपेक्षित कार्रवाई के लिए ऐसे सभी संप्रेषण भेजे जाते हैं. अनुपालन विभाग की अध्यक्षता मुख्य अनुपालन अधिकारी कर रहे हैं जो उप महा प्रबंधक स्तर के है.

सूचना का अधिकार अधिनियम – 2005

भारत सरकार ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 पारित किया है जो 12 अक्तूबर 2005 को लागू हुआ. प्रत्येक नागरिक को सार्वजनिक हित में सार्वजनिक प्राधिकारियों के नियंत्रणाधीन सूचना को प्राप्त करने का अधिकार देता है. इसका लक्ष्य प्रशासन से संबंधित मामलों अथवा इससे प्रासंगिक मामलों में खुलापन, पारदर्शिता तथा जवाबदेही लाना है.

क्षेत्रीय कार्यालय के दूसरी पंक्ति के कार्यपालक को सार्वजनिक सूचना अधिकार के रूप में नामित किया जाता है तथा क्षेत्राध्यक्षों को अधिनियम के अधीन अपील प्राधिकारी के रूप में नामित किया जाता है. प्र.का. में उप महा प्रबंधक (ऋ व व) को सार्वजनिक सूचना अधिकारी के रूप में तथा महा प्रबंधक (ऋ व व) को अपील प्राधिकारी के रूप में नामित किया है.

अधिनियम के अंतर्गत मांगी गयी सूचना निर्धारित समय सीमा के अंदर दी जाती है. 2010-11 के दौरान, इस अधिनियम के अंतर्गत बैंक को 586 आवेदन व 47 अपील प्राप्त हुई तथा उनका निपटान किया गया.

सुरक्षा व्यवस्था

बैंक के संगनाठत्मक ढ़ाचें में सुसंस्थापित सुरक्षा व्यवस्था है, जिसमें प्राधिकार तथा उत्तरदायित्व का सुस्पष्ट प्रत्यायोजन किया गया है.

विभाग ने सभी मुद्राकोषों तथा बैंक शाखाओं की सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा उन्हें मजबूती प्रदान की है. क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी विद्यमान सुरक्षा व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करने तथा इन व्यवस्थाओं को मजबूती प्रदान करने के उपायों पर सुझाव देने के लिए नियमित आधार पर शाखा निरीक्षण करते हैं. क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी कानून व्यवस्था लागू करने वाली एजन्सियों के साथ घनिष्ठ संपर्क बनाए रखते हैं. विद्यमान सुरक्षा परिदृश्य के अनुसार बैंक में सुरक्षा व्यवस्थाओं का उन्नयन किया गया है.

बैंक सुरक्षा को मजबूती प्रदान की जा रही है ताकि वह अधिक प्रभावी, मार्डन तथा बाधा-रहित सुरक्षा प्रणाली हो सके. भा.रि.बैं. मार्गनिर्देशानुसार बैंक के सभी मुद्राकोषों में ऍक्सेस कन्ट्रोल सिस्टम को मजबूती प्रदान की गयी है. मुद्राकोषों के स्ट्रॉंग रूम में ऍक्सेस का नियंत्रण करने के लिए उचित प्रणाली तथा मुद्राकोष के वॉल्ट रूम में प्रविष्टि/ से बाहर आने का उचित रिकार्ड रखा जा रहा है. ऍक्सेस कन्ट्रोल उपायों को मजबूती प्रदान करने के लिए बैंक के सभी मुद्राकोषों में बायोमैट्रिक ऍक्सेस कन्ट्रोल सिस्टम लगाया गया है.

भा.रि.बैं./भा.बैं.सं. के दिशानिर्देशानुसार लगभग सभी शाखाओं में सभी जरूरी तथा अनिवार्य सुरक्षा व्यवस्था की गयी है. सभी शाखाओं तथा मुद्राकोषों में सिक्युरिटि अलार्म सिस्टम लगाया गया है. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारितानुसार स्ट्रॉंग रूम 1100 शाखाओं में उपलब्ध कराए गए हैं.

बैंक में 29 (उनतीस) मुद्रा कोष है. 28 मुद्रा कोषों में पुलिस गार्ड उपलब्ध कराए गए हैं. बैंक की भुवनेश्वर मुद्राकोष में चौबीस घंटे की चौकसी के लिए महा निदेशक रिसेटलमेंट (डीजीआर)द्वारा प्रायोजित निजी सुरक्षा एजेंसी उपलब्ध करायी गयी है.

मुद्राकोष/शाखाओं में नियोजित सशस्त्र गार्डों को वार्षिक आधार पर फाइरिंग अभ्यास सहित प्रशिक्षण दिया जाता है. क्षेत्रीय कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय

में गठित सुरक्षा समिति सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा करने के लिए आवधिक रूप से बैठक आयोजित करती हैं.

खतरे की आंशका, नकदी की मात्रा तथा कीमती सामान तथा लगातार चौकसी की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पहले चरण में 206 पहचानी गयी शाखाओं में सीसीटीवी सर्विलैंस सिस्टम लगाया गया है. शेष अतिसंवेदनशील शाखाओं में चरणबद्ध तरीके से सीसीटीवी सिस्टम लगाया जाएगा.

राजभाषा कार्यान्वयन वर्ष 2010-11

बैंक के कर्मचारियों के मिले-जुले प्रयासों से बैंक, 31.03.2011 को "क" क्षेत्र में 86.61%, "ख" क्षेत्र में 90.02% व "ग" क्षेत्र में 64.35% का हिन्दी पत्राचार का स्तर हासिल कर सका.

बैंक के 10 क्षेत्रीय कार्यालयों में हिन्दी संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के अध्यापक, छात्र, ग्राहक व स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया. बैंक के 124 कार्यपालकों के लिए विशेष हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गयी. राजभाषा पर संसदीय समिति की सिफारिशों पर राष्ट्रपति के आदेशानुसार सभी हिन्दी कार्यशालाओं में 'यूनिकोड' प्रशिक्षण दिया जा रहा है. स्टाफ सदस्यों के लिए 77 हिन्दी कार्यशालाएं आयोजित की गयी जिसमें 1350 स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया. बैंक की द्विभाषी वेबसाइट भी उपलब्ध है तथा समय-समय पर इसे अद्यतन किया जाता है.

राजभाषा पर संसदीय राजभाषा समिति (आलेख एवं साक्ष्य समिति) ने कोयंबत्तूर एवं झांसी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) के साथ विचार-विमर्श किया जिसमें हमारी शाखाएं भी शामिल थी. संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप-समिति ने क्षेत्रीय कार्यालय, कोच्ची का निरीक्षण किया. उन्होंने बैंक में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग संबंधी कार्य की सराहना की.

पुरस्कार

रिजर्व बैंक राजभाषा शील्ड योजना के अंतर्गत वर्ष 2009-10 के लिए हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में बैंक को "ग" क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ.

वर्ष 2009-10 के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बेंगलूर) ने राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए गैर-सदस्य कार्यालय श्रेणी में बी.टी.एम. लेआउट शाखा को द्वितीय पुरस्कार, कर्मचारी महाविद्यालय-बेंगलूर को प्रशिक्षण केंद्र श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (मंगलूर) ने क्षेत्रीय कार्यालय, मंगलूर को द्वितीय पुरस्कार, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (पुणे) ने सदाशिवपेठ, पुणे शाखा को शाखा श्रेणी में तृतीय पुरस्कार; नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (हासन) ने क्षेत्रीय कार्यालय, हासन को सार्वजनिक क्षेत्र बैंक श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (दिल्ली) से क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया.

बेंगलूर शहर में कार्यरत स्टाफ सदस्यों ने नराकास के तत्वावधान में आयोजित अंतर बैंक प्रतियोगिताओं में भाग लिया. 12 प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी और हमारे बैंक को 5 पुरस्कार प्राप्त हुआ.

बैंक के आंतरिक राजभाषा शील्ड योजना के अंतर्गत वर्ष 2009-10 के लिए राजभाषा कार्यान्वयन में बेहतर निष्पादन के लिए प्रधान कार्यालय विभाग श्रेणी में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को प्रथम पुरस्कार, स्टाफ महाविद्यालय-बेंगलूर को द्वितीय पुरस्कार तथा कार्ड प्रभाग को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया. क्षेत्र वर्ग के अधीन नागपुर क्षेत्र को प्रथम पुरस्कार, मुंबई क्षेत्र को द्वितीय पुरस्कार तथा चंडीगढ़ क्षेत्र को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व

एक जिम्मेदार एवं अनुक्रियात्मक कॉर्पोरेट नागरिक होने के नाते विजया बैंक लगातार समुदाय एवं सामाजिक निवेशों में लगा रहता है.

शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बैंक ने मलनाड प्रोग्रेसिव एजुकेशन सोसाइटी, होन्नावर, उत्तर कन्नड़ा जिला को सीबीएसई स्कूल हेतु भवन निर्माण के लिए ₹ 50,000/- का अनुदान दिया. बैंक ने सरकारी उच्च प्राथमिक स्कूल, बेल्वे, उडुपि जिला के लिए खेलकूद उपकरण की खरीद के लिए भी अनुदान दिया. स्वास्थ सुरक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में बैंक ने कैनरा बैंक राहत व कल्याण सोसाइटी द्वारा प्रबंधित सेवकक्षेत्र अस्पताल, बेंगलूर को 3 मल्टी पैरामीटर पेशेंट मॉनिटर उपकरण की खरीद के लिए ₹ 3,00,000/- का अनुदान दिया. बैंक ने नजरत अस्पताल, लखनऊ के गरीब मरीजों को 2 बिस्तरों के लिए बिस्तर प्रभार तथा दवाईयों की लागत उपलब्ध करा निशुल्क चिकित्सा कराने के लिए ₹ 30,000/- प्रति वर्ष भी खर्च किया.

उपरोक्त के अलावा बैंक ने विजया ग्रामीण विकास फाउंडेशन (वीआरडीएफ) को विभिन्न प्रशिक्षण, निशुल्क स्वास्थ कैंप, ग्रामीण क्षेत्र के तथा सरकारी स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने वाले प्रतिभावान शिक्षार्थियों को छात्रवृति प्रदान करने आदि के लिए ₹ 20.00 लाख का अनुदान दिया.

विजया ग्रामीण विकास फाउंडेशन

बैंक द्वारा वर्ष 1990 में मंगलूर में विजया ग्रामीण विकास फाउंडेशन का प्रवर्तन किया गया. वर्ष के दौरान वीआरडीएफ ने विभिन्न विषयों को शामिल करते

हुए 108 प्रशिक्षण/जागरूकता कार्यक्रम चलाए जिससे 6360 व्यक्तियों को लाभ प्राप्त हुआ. ग्रामीण गरीब के लाभ के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर चलाए गए.

प्रतिष्ठान ने सरकारी स्कूलों में पढनेवाले तथा गांवों से आनेवाले गरीब योग्य विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी. प्रतिष्ठान ने हावेरी, धारवाड तथा मंड्या जैसे जिलों में अपने कार्यकलाप शुरू किए हैं, जिसमें बैंक की अग्रणी बैंक के रूप में जिम्मेदारी है. बैंक ने चालू वित्त वर्ष के दौरान फाउंडेशन को विभिन्न गतिविधियों तथा अपने सेवा क्षेत्र को बढ़ाने के लिए ₹ 20.00 लाख का अनुदान दिया.

वीआईबीएसईटीआई (विजया बैंक स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान)

बैंक ने कर्नाटक के मंड्या जिले में 1.1.2000 को विजया बैंक स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्था (वीआईबीएसईटीआई) नामक स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्था की स्थापना की. प्रशिक्षार्थियों की आवास सुविधाओं के लिए संस्था का मंड्या में निजी कैंपस है. यह विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण/कौशल उन्नयन/जागरूकता कार्यक्रम तथा उत्पाद विकास कार्यशालाएं चलाती आ रही है. वर्ष के दौरान संस्थान ने 60 कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें 475 प्रशिक्षण दिवस थे तथा 3267 हिताधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया जिनमें से 3142 स्व-उद्यम/लाभप्रद स्व-रोजगार में लग गए.

बैंक ने हावेरी में 1.9.2003 में एक और वीआईबीएसईटीआई की स्थापना की. वीआईबीएसईटीआई, हावेरी ने 73 कार्यक्रम किए गए जिसमें 284 प्रशिक्षण दिवस थे, 2893 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया जिसमें 2584 विभिन्न स्व-रोजगार उद्यमों में लग गए. चालू वर्ष के दौरान बैंक ने इंदौर में एक और वीआईबीएसईटीआई की स्थापना की जिसने 03.02.2011 से कार्य करना चालू कर दिया है और एक प्रशिक्षण कार्यक्रम किया तथा इसमें 14 हिताधिकारियों को लाभ पहुँचा.

मंडल की बैठकें व मंडल की अन्य उप-समितियों की बैठकें

वर्ष के दौरान, निदेशक मंडल की 12 बैठकें, मंडल की प्रबंध समिति की 23 बैठकें, मंडल की लेखापरीक्षा समिति की 10 बैठकें, निदेशक प्रवर्तक समिति की 4 बैठकें, मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति की 7 बैठकें, ₹ 1.00 करोड व अधिक मूल्य की धोखाधडियों की समीक्षा समिति की 5 बैठकें, रेम्यूनरेशन समिति की 1 बैठक, नामांकन समिति की 1 बैठक, ग्राहक सेवा समिति की 5 बैठकें, शेयरधारक/निवेशक शिकायत समिति की 4 बैठकें तथा शेयर अंतरण समिति की 17 बैठकें, अनुशासनिक प्राधिकारी के रूप में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा जारी अंतिम आदेशों के विरुद्ध कर्मचारियों द्वारा की गयी अपील पर विचार करने के लिए 1 बैठक तथा आबंटन समिति की1 बैठक हुई.

निदेशक मंडल

वर्ष 2010-11 के दौरान बैंक के निदेशक मंडल के गठन में नीचे उल्लिखित परिवर्तन हुए :

1. श्रीमती सुमा वर्मा को 30.07.2010 से श्री के.वेंकटप्पा के स्थान पर भा.रि.बैं. निदेशक के रूप में नामित किया गया.
2. श्री जी.बी.सिंह, सरकारी नामिती निदेशक 30.09.2010 को अधिवर्षिता प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त हुए.
3. श्री एल.के.मीणा को 29.10.2010 से श्री जी.बी.सिंह के स्थान पर सरकारी नामिति निदेशक के रूप में नामित किया गया.
4. श्री सुरेश कामत को 02.11.2010 से श्री पी.शांताराम शेट्टी के स्थान पर कामगार निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया.
5. श्री निशांक कुमार जैन, गैर-अधिकारी निदेशक, उनके तीन वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर 02.01.2011 से बैंक के निदेशक नहीं रहें.

31 मार्च, 2011 को बैंक के निदेशक मंडल में निम्नलिखित सदस्य हैं :

i. श्री आल्बर्ट तावरो, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
ii. श्रीमती शुभलक्ष्मी पानसे, कार्यकारी निदेशक
iii. श्री एल.के.मीणा, सरकारी नामिती निदेशक
iv. श्रीमती सुमा वर्मा, भा.रि.बैं. नामिती निदेशक
v. श्री अशोक कुमार, आई.ए.एस. (से.नि.), शेयरधारक नामिति निदेशक
vi. श्री अशोक कुमार शेट्टी, शेयरधारक नामिति निदेशक
vii. श्री एस.अनंतन, शेयरधारक नामिति निदेशक
viii. श्री रंजन शेट्टी, अधिकारी-कर्मचारी निदेशक
ix. श्री श्रीधर चेरुकूरी, गैर-सरकारी निदेशक
x. श्री बी.इब्राहिम, गैर-सरकारी निदेशक
xi. श्री सुरेश कामत, कामगार कर्मचारी निदेशक

निदेशक मंडल, बैंक में निदेशकों के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, श्री के. वेंकटप्पा, श्री जी.बी.सिंह, श्री पी.शांताराम शेट्टी तथा श्री निशांक कुमार जैन की मूल्यवान सेवाओं की प्रशंसा करता है.

आभार

निदेशक मंडल, वर्ष 2010-11 के दौरान, बैंक की सर्वांगीण प्रगति में सभी ग्राहकों, शेयरधारकों, स्टाफ सदस्यों, वित्तीय संस्थाओं और अन्य बैंकों, भारतीय रिज़र्व बैंक, राज्य सरकारों, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड और भारत सरकार से प्राप्त अमूल्य सहयोग और सहायता के लिए अपनी कृतज्ञता प्रकट करता है.

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से,

प्रधान कार्यालय, बेंगलूर
दिनांक : 28 अप्रैल, 2011

एच.एस.उपेन्द्र कामत
अध्यक्ष एंव प्रबंध निदेशक

कंपनी शासन पर विजया बैंक के

निदेशक मंडल की रिपोर्ट – 2010 - 11

1. परिचय

स्टॉक विनिमय के साथ सूचीबद्धता संबंधी करार की अनिवार्यता तथा कंपनी शासन पर डॉ.गांगुली समिति रिपोर्ट की सिफारिशों के अनुसार भी बैंक कंपनी शासन के उच्चतम मानक की प्राप्ति का लक्ष्य रखता है. बैंक अपने ग्राहकों, शेयरधारकों, कर्मचारियों, सामान्य जनता, समाज, संरक्षकों, सरकार तथा विनियामकों समेत सभी हितधारकों की ओर अपने उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्ध है. शासन संहिता का सिद्धांत बैंक के सभी कार्य क्षेत्र में अपनाए गए लक्ष्यों की पूर्ति को उत्साह व उमंग से हासिल करना सुनिश्चित करता है.

2. शासन संहिता पर बैंक के सिद्धांत

कंपनी शासन प्रतीक है, ज़िम्मेदारी व मूल्य जनक प्रबंधन तथा बैंक के नियंत्रण का प्रतीक है व किसी भी संस्था के सुदृढ कार्यनिष्पादन पद्धति के लिए शासन संहिता का होना सुदृढ आधार माना जाता है. बैंक की नीतियाँ व प्रथाएँ न केवल संवैधानिक अपेक्षाओं के अनुरूप होते है बल्कि जोखिमधारकों के संपूर्ण हित में काम करने की हमारी प्रतिबद्धता का सूचक भी है. कोई भी नियंत्रण, पद्धति एवं प्रक्रिया सुदृढ शासन संहिता की जगह नहीं ले सकती है.

बैंक, कंपनी शासन की परिभाषा एक नियमबद्ध प्रक्रिया के रूप में करता है जिसके द्वारा संगठनों को अपनी धन-संपदा उत्पन्न करने की क्षमता को बढाने हेतु निर्देश दिए जाते हैं तथा उनका नियंत्रण किया जाता है. चूंकि कंपनी समाज के संसाधनों को व्यापक मात्रा में नियोजित करती है इसलिए यह आवश्यक है कि इन संसाधनों का उपयोग हितधारकों की महत्वकांक्षाओं तथा समाज की उम्मीदों के अनुरूप किया जाए. शासन संहिता के अंग के रूप में बैंक बेहतरीन व्यवसाय-प्रथा को अपनाने का प्रयास करता है जो संस्था को नवोन्मेष एवं उत्पाद व उच्चतर सेवा प्रदान करते हुए प्रतिस्पर्धात्मक अग्रता को बनाए रखने में सहायक होता है.

बैंक के कंपनी शासन सिद्धांत निम्नलिखित व्यापक लोकाचार पर आधारित है :

1. लाभप्रद वृद्धि उत्पन्न करना जिससे दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित की जा सके. इससे हमारे हितधारकों की संपत्ति अधिकाधिक बढती है.
2. कानूनी आवश्यकताओं की पूर्ति करना तथा न सिर्फ उच्च स्तरीय पारदर्शिता और प्रकटन स्तर बनाकर प्रमाणपत्र जारी करना.
3. कार्य दल का अनुरक्षण ज्ञान तथा विद्वत्ता के नेटवर्क के रूप में करना. हमारी कंपनी संस्कृति खुला संवाद, आपसी सम्मान, स्पष्ट लक्ष्य तथा निर्णायक नेतृत्व है.
4. एक ऐसा प्रबंधन जो खुला है, पारदर्शी है, अग्रसक्रिय है, गुण आधारित तथा पक्षपात मुक्त है जिससे समाज के सभी वर्गों को उचित न्याय सुनिश्चित किया जा सके.

अत: बैंक अपने शेयरधारकों के प्रति, अपने आपको न्यास मानता है तथा शेयरधारकों की संपत्ति को सृजित करना व उसे सुरक्षित रखना अपनी ज़िम्मेदारी समझता है. बैंक इसे प्रभावी कंपनी रणनीतियों, अग्रसक्रिय कारोबार योजनाओं, नीतियों तथा प्रक्रियाओं के माध्यम से अपनाता है जिससे नैतिक व वैधिक ज़िम्मेदारियों की पूर्ति की जा सके.

3. निदेशक मंडल

मंडल का गठन, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन व अंतरण) अधिनियम, 1980 और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन तथा विविध प्रावधान) योजना, 1980 के अनुसार किया गया है, जिससे कंपनी शासन की अपेक्षाओं की पूर्ति होती है.

3.1 यथा दिनांक 31.03.2011 को निदेशक मंडल की संरचना

कार्यपालक	2
गैर-कार्यपालक	9
कुल	**11**

ये निदेशक, बैंक की प्रगति के लिए, अपने वैविध्य ज्ञान, अनुभव और अपने विशिष्ट क्षेत्रों में विशेषज्ञता के साथ अपना उत्कृष्ट योगदान देते रहे हैं. मंडल की संरचना, शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध करने संबंधी करारनामे की अपेक्षाओं के अनुरूप है.

3.2 निदेशक मंडल के विवरण

क्रम सं.	नाम	पदनाम	निदेशक–पद का स्वरूप	पद संभालने की तारीख
1.	श्री आल्बर्ट तावरो *	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	कार्यपालक	02.08.2008 से
2.	श्रीमती शुभलक्ष्मी पानसे	कार्यकारी निदेशक	कार्यपालक	20.11.2009 से
3.	श्री जी.बी.सिंह *	नामिती – भारत सरकार	गैर – कार्यपालक	20.08.2007 से
4.	श्री एल के मीणा **	नामिती – भारत सरकार	गैर – कार्यपालक	29.10.2010 से
5.	श्री के.वेंकटप्पा ***	नामिती – भारतीय रिजर्व बैंक	गैर – कार्यपालक	27.02.2007 से
6.	श्रीमती सुमा वर्मा ****	नामिती – भारतीय रिजर्व बैंक	गैर – कार्यपालक	30.07.2010 से
7.	श्री पी.शांताराम शेट्टी #	कामगार निदेशक	गैर – कार्यपालक	02.11.2007 से
8.	श्री सुरेश कामत ##	कामगार निदेशक	गैर – कार्यपालक	02.11.2010 से
9.	श्री अशोक कुमार शेट्टी	नामिती – शेयरधारक	गैर – कार्यपालक स्वतंत्र	08.08.2008 से
10.	श्री अशोक कुमार, आई.ए.एस. (से.नि.)	नामिती – शेयरधारक	गैर – कार्यपालक स्वतंत्र	08.08.2008 से
11.	श्री निशांक कुमार जैन ###	गैर – सरकारी निदेशक	गैर – कार्यपालक स्वतंत्र	03.01.2008 से
12.	श्री श्रीधर चेरुकूरी	गैर – सरकारी निदेशक	गैर – कार्यपालक स्वतंत्र	10.07.2008 से
13.	श्री एस.अनंतन	नामिती – शेयरधारक	गैर – कार्यपालक स्वतंत्र	08.08.2008 से
14.	श्री रंजन शेट्टी	अधिकारी – कर्मचारी निदेशक	गैर – कार्यपालक	09.09.2008 से
15.	श्री बी. इब्राहिम	गैर – सरकारी निदेशक	गैर – कार्यपालक स्वतंत्र	02.03.2009 से

* श्री आल्बर्ट तावरो, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक दि. 31.03.2011 को अधिवर्षिता पर बैंक सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए.

* श्री जी.बी.सिंह, भारत सरकार की सेवाओं से दि. 30.09.2010 को अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त होने के कारण बैंक के निदेशक नहीं रहे.

** श्री एल.के.मीणा को दि. 29.10.2010 की अधिसूचना सं.एफ.सं.9/9/2009-बीओ.1 के जरिए बैंक के भारत सरकार नामिती निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है.

*** श्री के.वेंकटप्पा दि.29.07.2010 को अवधि समाप्त होने पर अब भारतीय रिज़र्व बैंक के नामिती निदेशक नहीं रहे.

**** श्रीमती सुमा वर्मा को भारत सरकार ने दि. 30.07.2010 की अधिसूचना सं.एफ.सं.9/2/2007-बीओ.1 के जरिए भारतीय रिजर्व बैंक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है.

\# दि.01.11.2010 को अवधि समाप्त होने के कारण श्री पी.शांताराम शेट्टी, कामगार निदेशक अब बैंक के निदेशक नहीं रहे.

\## श्री सुरेश कामत को भारत सरकार ने दि.02.11.2010 से बैंक के कामगार निदेशक के रूप में नियुक्त किया है.

\### श्री निशांक कुमार जैन मंडल से दि. 02.01.2011 को सेवानिवृत्त होने के कारण बैंक के निदेशक नहीं रहे.

3.3 वर्ष 2010-11 के दौरान नियुक्त निदेशकों की रूपरेखा

नाम	**श्रीमती सुमा वर्मा**
जन्म तिथि	05.01.1957
उम्र	54 वर्ष
अर्हता	बी.एससी., पीजीडीएम
निदेशक के रूप में नियुक्ति का स्वरूप	नामिती-भारतीय रिजर्व बैंक श्रीमती सुमा वर्मा को, दि.30.07.2010 की अधिसूचना सं.एफ.सं.9/2/2007-बीओ.1 के ज़रिए बैंकिंग कंपनी (अर्जन एवं उपक्रमों का अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 की उप-धारा 3 (सी) के अधीन भारत सरकार द्वारा बैंक के भारतीय रिजर्व बैंक नामिती निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया.
अनुभव	श्रीमती सुमा वर्मा ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेनेजमेंट, कोलकाता से मेनेजमेंट विषय में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है. में 1982 में रिजर्व बैंक में उनकी भर्ती हुई और उन्होंने विदेशी विनिमय, बैंकिंग परिचालन, मुद्रा प्रबंधन, ग्रमीण आयोजन व ऋण विकास विभाग, आदि विभिन्न केंद्रों में कार्य किया है. वह टॉस्क फोर्स ऑन फिनांशियल सेक्टर प्लैन फॉर सिक्किम की सदस्य सचिवा, फिनांशियल प्रॉब्लेम्स ऑफ जूट इंडस्ट्री के कार्यदल सदस्य सचिवा व अंडमान व निकोबार द्वीप समूहों में सुनामी से त्रस्त उधारकर्ताओं को राहत उपाय देने के प्रस्ताव को गति देने हेतु गठित एम्पावर्ड टॉस्क फोर्स की सदस्य सचिवा भी रहीं. केरल, लक्षद्वीप व गोवे के बैंकिंग लोकपाल के रूप में भी उन्होंने काम किया है. श्रीमती सुमा वर्मा जी आंध्र प्रदेश के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की क्षेत्रीय निदेशक भी रहीं. आजकल वे केरल व लक्षद्वीप की क्षेत्रीय निदेशक हैं.

नाम	**श्री एल.के. मीणा**
जन्म तिथि	26.02.1961
उम्र	50 वर्ष
अर्हता	एम.ए.
निदेशक के रूप में नियुक्ति का स्वरूप	नामिती-भारत सरकार श्री एल.के.मीणा को भारत सरकार ने दि.29.10.2010 की अधिसूचना सं.एफ.सं.9/9/2009-बीओ.1 के ज़रिए बैंकिंग कंपनी (अर्जन एवं उपक्रमों का अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 के खंड (बी) की धारा 9 की उप-धारा (3) के साथ पठित राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन व विविध प्रावधान) योजना, 1980 के खंड 3 के उपखंड (1) के अधीन भारत सरकार नामिती, निदेशक के रूप में नियुक्त किया है.
अनुभव	श्री एल.के.मीणा राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त है. वर्ष 1989 में भारत सरकार में अनुभाग अधिकारी (आईसीएस संबद्ध) के रूप में उनकी भर्ती हुई. वे वर्ष 1995 में पदोन्नति पर रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली में अपर सचिव के रूप में तैनात हुए. बाद में वर्ष 2007 में उन्हें उप सचिव के रूप में पदोन्नत कर बैंकिंग प्रभाग, वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली में तैनात किया गया. 2010 में वे बैंकिंग प्रभाग, वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली में पदोन्नत होकर निदेशक बने. श्री मीणा जी, इससे पहले स्टेट बैंक ऑफ इंदौर के निदेशक मंडल में रहे और संप्रति राष्ट्रीय अनुसूचित जाति के वित्तीय विकास निगम में निदेशक है.

नाम जन्म तिथि उम्र अर्हता	श्री सुरेश कामत 15.01.1954 57 वर्ष बी.कॉम.
निदेशक के रूप में नियुक्ति का स्वरूप	कामगार निदेशक श्री सुरेश कामत को बैंकिंग कंपनी (अर्जन एवं उपक्रमों का अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 की धारा 9 की उप-धारा (3) जो राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन व विविध प्रावधान) योजना 1970/1980 के खंड 9 के उप-खंड (1) व (2) के साथ पठित है, के अधीन बैंक कामगार निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है.
अनुभव	श्री सुरेश कामत मजदूर संघ गतिविधियों में बहुत ही सक्रिय हैं और संप्रति विजया बैंक वर्कर्स आर्गनाइजेशन के कोषपाल है. बैंकिंग तथा ट्रेड यूनियन में उन्हें 36 वर्ष से भी अधिक का अनुभव है. श्री कामत जी ने बैंक की विभिन्न शाखाओं में काम किया है और आजकल बैंक की रेसिडेंसी रोड शाखा, बेंगलूर में विशेष सहायक के रूप में कार्यरत हैं.

3.4 मंडल की बैठकें :

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, नीचे उल्लिखित तारीखों को मंडल की 12 बैठकें हुई, जब कि राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1980 के खंड 12 के अंतर्गत 6 बैठकें बुलाई जानी थी.

30.04.2010	05.06.2010	08.07.2010	22.07.2010	31.08.2010	25.09.2010
22.10.2010	27.11.2010	29.12.2010	24.01.2011	22.02.2011	30.03.2011

निदेशकों के संबंधित कार्यकाल के दौरान हुई मंडल की बैठकों में उनकी उपस्थिति के ब्यौरे नीचे प्रस्तुत हैं.

3.5 मंडल की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति के ब्यौरे

क्रम सं.	निदेशक का नाम	अवधि	इनके कार्यकाल में हुई बैठकों की संख्या	कितनी बैठकों में भाग लिया	पिछली वार्षिक सामान्य बैठक में उपस्थिति
1	श्री आल्बर्ट तावरो	01.04.2010 - 31.03.2011	12	12	हाँ
2	श्रीमती शुभलक्ष्मी पानसे	01.04.2010 - 31.03.2011	12	12	हाँ
3	श्री जी.बी.सिंह	01.04.2010 - 30.09.2010	6	3	नहीं
4	श्री एल.के.मीणा	29.10.2010 - 31.03.2011	5	5	नहीं
5	श्रीमती सुमा वर्मा	30.07.2010 - 31.03.2011	8	8	नहीं
6	श्री पी.शांताराम शेट्टी	01.04.2010 - 01.11.2010	7	7	नहीं
7	श्री श्रीधर चेरुकूरी	01.04.2010 - 31.03.2011	12	4	नहीं
8	श्री अशोक कुमार शेट्टी	01.04.2010 - 31.03.2011	12	7	हाँ
9	श्री अशोक कुमार, आई.ए.एस. (से.नि.)	01.04.2010 - 31.03.2011	12	9	हाँ
10	श्री के.वेंकटप्पा	01.04.2010 - 29.07.2010	4	4	नहीं
11	श्री निशांक कुमार जैन	01.04.2010 - 02.01.2011	9	8	हाँ
12	श्री एस.अनंतन	01.04.2010 - 31.03.2011	12	12	हाँ
13	श्री रंजन शेट्टी	01.04.2010 - 31.03.2011	12	12	हाँ
14	श्री बी.इब्राहिम	01.04.2010 - 31.03.2011	12	12	हाँ
15	श्री सुरेश कामत	02.11.2010 - 31.03.2011	5	5	नहीं

4. मंडल की समितियां :

एसईबीआई और भा.रि.बैं. की अपेक्षाओं के अनुरूप, मंडल ने निदेशकों की नीचे उल्लिखित समितियों का गठन किया है. ये समितियां, उनको सौंपे गए काम के अधीन आनेवाली गतिविधियों पर और एसईबीआई व भा.रि.बैं. के मार्गनिर्देशों के अनुसार निगरानी रखती हैं. मंडल ने नीचे उल्लिखित समितियों का गठन किया :

1. प्रबंध समिति	9. ग्राहक सेवा समिति
2. लेखापरीक्षा समिति	9. पारिश्रमिक समिति
3. शेयरधारक/निवेशकर्ता शिकायत समिति	10. नामांकन समिति
4. शेयर अंतरण समिति	11. चयन विवाद निपटान हेतु विशेष समिति
5. जोखिम प्रबंधन समिति	12. अनुशासनिक मामलों में कर्मचारियों द्वारा अपील के निपटान की समिति जहां अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अनुशासनिक प्राधिकारी है
6. उच्च मूल्य धोखाधड़ी की समीक्षा हेतु समिति	
7. निदेशकों की पदोन्नति समिति	13. शेयर आबंटन समिति

4.1 मंडल की प्रबंध समिति :

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशों के साथ पठित राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1980 के खंड – 13 का अनुसरण करते हुए मंडल की प्रबंध समिति का गठन किया गया है. मंडल की प्रबंध समिति के गठन का उद्देश्य है, तात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण कारोबार संबंधी विभिन्न मामलों पर विचार करना जैसे; नई जमा योजनाएं शुरू करना, सीमाओं की मंजूरी चाहे निधि आधारित हो या गैर निधि आधारित हो, समझौता/बट्टे खाते डालने, पूंजीगत और राजस्व खर्च की मंजूरी, परिसर, निवेश, दान आदि के लिए अनुमोदन प्राप्त करना. समिति उन अधिकारों का प्रयोग करती है जिसे, केंद्र सरकार के अनुमोदन से और भारतीय रिजर्व बैंक की सहमति से उसे मंडल द्वारा दिया जाता है.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, मंडल की प्रबंध समिति (एमसीबी) की 23 बैठकें हुईं. वर्ष के दौरान हुईं, एमसीबी की बैठकों के ब्यौरे और निदेशक सदस्यों की उपस्थिति के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :

19.04.2010	29.04.2010	19.05.2010	04.06.2010	25.06.2010	08.07.2010
28.07.2010	16.08.2010	01.09.2010	18.09.2010	25.09.2010	12.10.2010
21.10.2010	09.11.2010	27.11.2010	16.12.2010	29.12.2010	13.01.2011
31.01.2011	14.02.2011	07.03.2011	24.03.2011	29.03.2011	

4.1.1 एमसीबी की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति के ब्यौरे

क्रम सं.	निदेशक का नाम	पदनाम	अवधि	उनके कार्यकाल के दौरान हुई बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
1.	श्री आल्बर्ट तावरो अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	अध्यक्ष	01.04.2010 - 31.03.2011	23	23
2.	श्रीमती शुभलक्ष्मी पानसे कार्यकारी निदेशक	सदस्य	01.04.2010 - 31.03.2011	23	23
3.	श्रीमती सुमा वर्मा * गैर–कार्यकारी निदेशक	सदस्य	30.07.2010 - 31.03.2011	16	15
4.	श्री सुरेश कामत ** कामगार – निदेशक	सदस्य	02.01.2011 - 31.03.2011	6	6
5.	श्री श्रीधर चेरुकूरी *** गैर–कार्यकारी निदेशक	सदस्य	01.04.2010 - 24.09.2010	10	4
6.	श्री अशोक कुमार शेट्टी **** गैर–कार्यकारी निदेशक	सदस्य	09.07.2010 - 08.01.2011	11	10

क्रम सं.	निदेशक का नाम	पदनाम	अवधि	उनके कार्यकाल के दौरान हुई बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
7.	श्री अशोक कुमार आई.ए.एस. (से.नि.) [#1] गैर-कार्यकारी निदेशक	सदस्य	06.09.2010 - 05.03.2011	11	8
8.	श्री के.वेंकटप्पा [#2] गैर-कार्यकारी निदेशक	सदस्य	01.04.2010 - 29.07.2010	7	7
9.	श्री निशांक कुमार जैन [#3] गैर-कार्यकारी निदेशक	सदस्य	25.09.2010 - 02.01.2011	7	5
10.	श्री एस.अनंतन [#4] गैर-कार्यकारी निदेशक	सदस्य	01.04.2010 - 09.07.2010 व 06.03.2011 - 31.03.2011	9	8
11.	श्री रंजन शेट्टी [#5] अधिकारी-कर्मचारी निदेशक	सदस्य	01.04.2010 - 05.09.2010	9	9
12.	श्री बी.इब्राहिम [#6] गैर-कार्यकारी निदेशक	सदस्य	09.01.2011 - 31.03.2011	6	6

* श्रीमती सुमा वर्मा दि.30.07.2010 के भारत सरकार की अधिसूचना सं.एफ.सं.9/2/2007-बीओ.1 के ज़रिए भारतीय रिज़र्व बैंक नामिती निदेशक के रूप में नियुक्ति किए जाने पर समिति की सदस्य बन गयी हैं.

** श्री सुरेश कामत दि.02.11.2010 से समिति के सदस्य बन गए है.

*** श्री श्रीधर चेरुकूरी दि.01.04.2010 से दि.24.09.2010 तक की अवधि के दौरान समिति के सदस्य रहे.

**** श्री अशोक कुमार शेट्टी दि.09.07.2010 से दि.08.01.2011 तक की अवधि के दौरान समिति के सदस्य रहे.

